

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### यात्री परेशान

मगरलोड विकासखंड के ग्रामीणों को कुरूद ,धमतरी रायपुर सहित बड़ी शहरों में आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

### किसान एवं व्यापारी को दिक्कत

मगरलोड क्षेत्र के हजारों किसानों को कुरूद मंडी में धान बिक्री करने आने-जाने में परेशानी हो रही है। मेघा, मगरलोड, मोहंदी, सिंगपुर, पांडुका के किसान एवं व्यापारियों को सामान की खरीदी कर परिवहन में समस्या आ रही है।

# मेघा महानदी पुल में दरार

दोनों किनारे पुलिस तैनात

## नीचे का हिस्सा बाढ़ में बह गया, आवाजाही बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड

खास खबर

ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड, मोहंदी, पांडुका को जोड़ने वाला मेघा महानदी सेतु धंसने लगा है। पुल के धंसने से चारपहिया वाहनों की आवाजाही पर पुलिस बल तैनात कर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मेघा महानदी सेतु में दरार की जानकारी होने पर 21 सितंबर रात 9 बजे ▶▶|शेष पेज 4 पर




### पुल के दोनों छोर में पुलिस बल तैनात

क्षतिग्रस्त पुल के आसपास मगरलोड पुलिस तैनात है। भारी वाहनों को पूर्णतः बंद कर दिया है। दोपहिया वाहनों की आवाजाही भी आवाजाही बंद कर दी गई है।

### तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने किया था भूमिपूजन

मध्यप्रदेश शासनकाल में मेघा महानदी सेतु का भूमिपूजन 1987 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने किया था। कार्य का प्रारंभ 14-5-1990 में गोवर्धन दास गोविंदरम इंजीनियर अहमद कॉलोनी रायपुर मध्यप्रदेश द्वारा किया गया था। तकनीकी जानकारी के अनुसार पुल की क्षमता क्लास आईआरसी के टाइम लोडिंग सिंगल लेन से तय की गई थी।



## खबर संक्षेप

### पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन आज




**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 23 सितंबर को यहां दो दिवसीय 10वें 'राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन' की शुरुआत करेंगे। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी और अन्य अधिकारी सतत व समावेशी विकास में विधायी निकायों की भूमिका विषय पर विचार-विमर्श करेंगे।

### उदय भानु भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को श्रीनिवास बी.वी. को हटाकर उदय भानु चिब को भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। चिब अब तक आईवाईसी के महासचिव पद की जिम्मेदारी निभा रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तत्काल प्रभाव से उदय भानु चिब को भारतीय युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### कार और ट्रक की टक्कर में चार की मौत



मुंबई। महाराष्ट्र के बीड जिले में बीती रात एक कार और कंटेनर ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना रात करीब एक बजे अंबेजोगाई-लातूर रोड पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोग लातूर जिले के जगलपुर से छत्रपति संभाजीनगर जा रहे थे। भारी बारिश के बीच कार ने कंटेनर ट्रक को टक्कर मार दी।

### तिरुनेलवेली में भूकंप का हल्का झटका



**तिरुनेलवेली।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में पश्चिमी घाट से सटे इलाकों में रविवार को भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 55 मिनट पर कल्लिदाईकुरिची, मणिमुथर, अंबासमुद्रम और पापनासम जैसे इलाकों में करीब तीन सेकंड तक भूकंप का झटका महसूस किया गया।

### गद्दा फैक्टरी में आग छह मजदूरों की मौत



**कानपुर।** कानपुर देहात जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में गद्दा बनाने वाली एक फैक्टरी में भीषण आग लगने से छह मजदूरों की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। रनिया के खानपुर खड़ंजा रोड पर आरपी पॉली प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इसके कारण एलपीजी गैस सिलेंडर से फैक्टरी में विस्फोट हो गया।

### कुछ अफसर कह रहे- आपसी लड़ाई में जा रही हिरणों की जान, टीबी फैलने की बात भी कही जा रही

# जंगल सफारी में चौसिंगा के बाद 16 काले हिरणों की मौत, कानन पेंडारी से मंगाकर छिपाया मामला

*जंगल सफारी में 17 चौसिंगा की मौत के बाद अब थोक में काले हिरणों के मरने की बात सामने आ रही है। सात-आठ माह में यहां 16 काले हिरणों का कब्र बना और प्रबंधन ने इसे छिपाने आनन फानन में कानन पेंडारी से 40 काले हिरण मंगा लिए, यही वजह है कि मौतों पर परदा पड़ा हुआ है। आरटीआई से मिले दस्तावेजों के मुताबिक, ज्यादातर काले हिरणों की आपसी लड़ाई में मौत होना बताया गया है, लेकिन जंगल सफारी के डायरेक्टर ने काले हिरणों में टीबी के लक्षण मिलने की बात कही है।*

गिरीश केशरवानी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

खबर के मुताबिक, सफारी में जनवरी की स्थिति में कुल 36 काले हिरण थे। काले हिरणों की मौत जनवरी से 28 जुलाई के बीच हुई है। इस लिहाज से जंगल सफारी में रह रहे काले हिरणों में से एक तिहाई की मौत आठ माह के भीतर हुई है। इसके बाद सफारी प्रबंधन ने बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी जू से 40 काले हिरण लाने सीजेडए से अनुमति मांगी। सीजेडए ने 20 जुलाई को अनुमति दी। सीजेडए से अनुमति मिलने के बाद सफारी प्रबंधन ने आनन-फानन में एक सप्ताह के भीतर बिलासपुर जू से काले हिरण लाने टीम को रवाना किया।

बिलासपुर जू से काले हिरण लाने के बाद भी जंगल सफारी में इनकी मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। 16 अगस्त से 29 अगस्त के बीच चार काले हिरणों की मौत हो चुकी है। इनमें एक काले हिरण की मौत जू में तथा तीन की मौत ओपन ▶▶|शेष पेज 4 पर

### विस अध्यक्ष के निर्देश के बाद भी कार्रवाई नहीं

गौरतलब है कि जंगल सफारी में थोक में चौसिंगा की मौत की घटना सामने आने के बाद मामला विधानसभा में भी उठा था, तब विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के बाद भी डॉक्टर के खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। इसके बाद अब काले हिरणों की मौत की घटना सामने आई है।



फाइल फोटो

### काले हिरण शेड्यूल-1 प्रजाति के एनिमल

उल्लेखनीय है कि काला हिरण शेड्यूल-1 प्रजाति का वन्यजीव है। ऐसे में सफारी में काले हिरणों की सिलसिलेवार मौत की घटना सामने आने से सफारी प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ओपन सफारी में आपसी लड़ाई में काले हिरणों की अगर मौत हुई है तो कारणों का पता लगाना जरूरी है।

### इन तारीखों में हुई मौतें

- 1 जनवरी से 31 मार्च के बीच छह काले हिरणों की मौत
- 10 अप्रैल को काले हिरण की मौत
- 27 तथा 30 जून को दो काले हिरणों की मौत
- 3, 19 तथा 28 जुलाई को तीन काले हिरणों की मौत
- 15, 16, 26 तथा 28 अगस्त को चार काले हिरण की मौत

### हिरणों में मिले टीबी के लक्षण

*काले हिरणों में टीबी के लक्षण पाए गए हैं, जिसका उपचार चल रहा है। टीबी का उपचार लंबा चलता है।*

*- धम्मशील गणवीर, डायरेक्टर, जंगल सफारी*

### टीबी के बावजूद क्यों लाए काले हिरण?

*जंगल सफारी के डायरेक्टर का कहना है कि काले हिरणों की मौत टीबी की वजह से हुई है। ऐसे में सवाल उठता है कि काले हिरणों के बीच जब टीबी रोग फैला है, ऐसे में कानन पेंडारी जू से क्यों काले हिरण लाए गए? इससे कानन पेंडारी जू से लाए गए काले हिरणों में संक्रमण फैलने का खतरा है।*

### हाईकोर्ट का आदेश

## शाम को वाट्सएप पर बेदखली का नोटिस, सुबह लगाई रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

- कोरबा के तहसीलदार को नोटिस जारी

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कोरबा में शाम 6 बजे वाट्सएप पर बेदखली का नोटिस भेजने और अगले ही दिन सुबह कार्रवाई करने के मामले में बरपाली के तहसीलदार को तलब किया है। तहसीलदार की इस मनमानी कार्रवाई पर शनिवार सुबह छुट्टी के दिन विशेष कोर्ट लगाई गई। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत दी है। साथ ही अतिक्रमण की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने बरपाली तहसीलदार को सोमवार को हाईकोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने कहा है।

मामला कोरबा जिले के बरपाली तहसील के कनकी गांव का है। बरपाली तहसीलदार ने 20 सितंबर की शाम 6 बजे नूतन राजवाड़े को वॉट्सऐप पर बेदखली का नोटिस जारी किया। 21 सितंबर की सुबह कार्रवाई शुरू कर दी गई। नोटिस ▶▶|शेष पेज 4 पर

### स्वामित्व के बदले मिली है सरकारी जमीन

याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता के कब्जे वाली जमीन बेशक सरकारी है, लेकिन याचिकाकर्ता को उसके स्वामित्व की जमीन के बदले में इसे दिया गया था। तहसीलदार ने याचिकाकर्ता के खिलाफ 5 अगस्त 2024 को एक आदेश पारित किया है, जिसके खिलाफ याचिकाकर्ता ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष अपील दायर की है। याचिका में कहा गया कि इससे पहले भी याचिकाकर्ता को बिल्कुल समय नहीं दिया गया था। सरकारी वकील ने दलील दी कि उन्हें कुछ मिनट पहले ही रिट याचिका की अग्रिम प्रति दी गई है। यह भी कहा कि ▶▶|शेष पेज 4 पर

### जांच में जुटी एजेंसियां

## आर्मी की स्पेशल ट्रेन को डिरेल करने की साजिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्यप्रदेश में सेना की स्पेशल ट्रेन को डिरेल करने की साजिश नाकाम हो गई। मामला 18 सितंबर का है, लेकिन इसका खुलासा रविवार को हुआ है। रेलवे और सेना से जुड़ा होने के चलते अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए।

जानकारी के अनुसार, सेंट्रल रेलवे के भुसावल मंडल अंतर्गत आने वाले सागफाटा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रैक पर कुछ अज्ञात लोगों ने खंबा नंबर 537/5 और 537/3 के बीच कुछ विस्फोटक लगा दिए थे। इस दौरान जैसे ही कश्मीर से कर्नाटक जाने वाली सेना की ट्रेन गुजरी तो धमाके की आवाज सुनकर ट्रेन का चालक दल सचेत हुआ। उन्होंने ट्रेन को सागफाटा से कुछ दूरी पर रोक कर वहां मौजूद सागफटा स्टेशन मास्टर को मेमो दिया।

### सुरक्षा के चलते नहीं बोल रहे अधिकारी

घटना के बाद अब पुलिस विभाग की स्पेशल शाखा, नेपानगर एसडीओपी, नेपानगर थाना प्रभारी सहित रेलवे के अधिकारियों ने घटनास्थल की जांच की। राष्ट्रीय सुरक्षा ऐजेंसियों के अधिकारी भी इस मामले की जांच करने पहुंचे हैं। खबर है कि इस मामले से जुड़े कुछ संदिग्धों को भी पुलिस ने राउंड अप किया है। हालांकि यह पूरा मामला गंभीर होने के साथ साथ सेना से जुड़ा होने के चलते सुरक्षा अधिकारियों द्वारा इस मामले को लेकर गोपनीयता बरती जा रही है। किसी भी अधिकारी के द्वारा इस पर कुछ भी बोलने या जानकारी ढेने से बचा जा रहा है।

### साजिश या शरारत

खंडवा रेलवे सुरक्षा बल के अंतर्गत आने वाले बुरहानपुर जिले के सागफाटा रेलवे स्टेशन के नजदीक सेना के जवानों की एक स्पेशल ट्रेन के साथ हुई इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां इस बात का पता लगाने में जुट गई है कि क्या इस घटना के पीछे कोई साजिश है या शरारत। मामला बुधवार का है, लेकिन अब इसकी जानकारी मिलते ही जांच ऐजेंसियां इसकी जांच में जुट गई हैं।

### इधर, कानपुर में पटरी पर गैस सिलेंडर

कानपुर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेल की पटरी पर रविवार सुबह एक गैस सिलेंडर मिला। इसके बाद लोको पायलट ने मालगाड़ी रोक दी। मालगाड़ी के लोको-पायलट द्वारा आपातकालीन ब्रेक लगाने के बाद रविवार सुबह एक और ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश नाकाम हो गयी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब मालगाड़ी कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही थी। लगभग एक महीने के भीतर यह तीसरी घटना है, जब रेल सेवा को बाधित करने की कोशिश की गयी है।

## छग सरकार ने तय की सीबीआई की लिमिट, कर्मियों के खिलाफ लिखित अनुमति के बिना जांच भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों के खिलाफ अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) राज्य सरकार की पूर्व लिखित अनुमति के बिना किसी भी मामले में अपराध दर्ज करना तो दूर, जांच भी नहीं कर पाएगी। राज्य सरकार ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधान के मुताबिक यह अधिसूचित किया है। खास बात ये भी है कि सीबीआई को राज्य ▶▶|शेष पेज 4 पर




### राज्य के कर्मियों के लिए ये है प्रावधान

राज्य सरकार ने सीबीआई के लिए ये शर्त भी रखी है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित लोकसेवकों से संबंधित मामलों में राज्य सरकार की पूर्व लिखित अनुमति के बिना ऐसा कोई अन्वेषण नहीं किया ▶▶|शेष पेज 4 पर

### इनके खिलाफ जांच, कार्रवाई कर सकेगी सीबीआई

राज्य सरकार ने दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के अधिनियम की धारा के अनुसरण में और समय-समय पर संशोधित इस अधिनियम की धारा 3 के अधीन अधिसूचित अपराध या अपराधों की श्रेणियां, जो कि कथित तौर पर केंद्र सरकार, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पुनर्वास नीति

## बस्तर में 20 लाख के चार ईनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण



**दंतेवाड़ा।** पुनर्वास नीति के तहत जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए संपर्क एवं संवाद कर प्रचार-प्रसार गांव गांव तक कर रहा है। रविवार को 20 लाख के 4 ईनामी माओवादियों ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### अब तक 872 ने किया आत्मसमर्पण

आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपए की सहायता राशि के साथ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। पुलिस के अनुसार लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 197 ईनामी सहित कुल ▶▶|शेष पेज 4 पर

### रेल मंत्रालय ने बनाया एक्शन प्लान, 17 जोन महाप्रबंधकों को चिट्ठी

# त्योहारों में बिना टिकट रेलयात्रियों पर कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेल मंत्रालय ने त्योहारों के दौरान पुलिसकर्मियों सहित बिना टिकट यात्रियों पर नजर रखने के लिए एक विशेष टिकट जांच अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने 20 सितंबर को 17 जोन के महाप्रबंधकों को लिखे पत्र में बिना टिकट और अनधिकृत यात्रियों के खिलाफ 'एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर और 25 अक्टूबर से 10 नवंबर की अवधि के बीच विशेष अभियान शुरू करने और 1989 के रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के तहत उचित कार्रवाई करने को कहा है। विभिन्न रेल मंडलों में चल रहे नियमित अभियान का हिस्सा रहे रेलवे के वाणिज्यिक अधिकारियों के मुताबिक त्योहारों के दौरान भीड़ होती है और उस समय आम लोगों के साथ-साथ पुलिसकर्मी भी उनके निशाने पर होंगे क्योंकि वे शीर्ष उल्लंघनकर्ताओं में से हैं। एक अधिकारी ने बताया, गाजियाबाद और कानपुर के बीच हमारे हालिया औचक निरीक्षण में, हमने सैकड़ों पुलिसकर्मियों को विभिन्न एक्सप्रेस और मेल ट्रेन के वातानुकूलित डिब्बों में बिना टिकट यात्रा करते हुए पाया। जब हमने उन पर जुर्माना लगाया, तो शुरू में उन्होंने भुगतान करने से इनकार कर दिया और हमें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। उन्होंने कहा, हम निडर रहे और उनसे भुगतान कराया।



### 361 लाख बिना टिकट यात्री

चंद्र शेखर गौड़ नामक व्यक्ति द्वारा आरटीआई अधिनियम के तहत किए गए आवेदन पर रेलवे ने बताया कि वित्तवर्ष 2023-24 में 361.045 लाख यात्रियों को बिना टिकट या अनधिकृत टिकट के यात्रा करते पकड़ा गया। उनसे 2231.74 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला गया।

### पुलिस कर्मी से बड़ी परेशान

ट्रेन टिकट परीक्षकों का भी मानना है कि पुलिसकर्मी सबसे अधिक समस्या उत्पन्न करते हैं क्योंकि वे न केवल बिना टिकट यात्रा करके कानून तोड़ते हैं, बल्कि वैध यात्रियों को जबरन अपनी सीट साझा करने के लिए मजबूर करते हैं। कार्रवाई पर रेलवे कर्मचारियों के साथ झड़प करते हैं। भारतीय रेलवे टिकट जांच कर्मी संगठन (आईआरटीसीएसओ) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, बिना टिकट पुलिसकर्मियों के साथ व्यवहार करना एक वास्तविक दुःस्वप्न है क्योंकि वे न केवल हमारे साथ दुर्व्यवहार करते हैं बल्कि हमें परेशान करने के लिए अक्सर फर्जी मामले दर्ज करने की धमकी देते हैं।

### इन तिथियों पर विशेष अभियान

- 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर
- 25 अक्टूबर से 10 नवंबर

### बिना टिकट पर जुर्माना

भारतीय रेलवे के नियमों के अंतर्गत अगर आप बिना टिकट ट्रेन में सफर करते हुए पकड़े जाते हैं। इस स्थिति में आपसे 250 रुपए जुर्माना और आपको जहां तक जाना है, वहां का पूरा किराया लिया जाएगा। इसे लेने के बाद अगर ट्रेन में कहीं पर सीट खाली होती है। इस स्थिति में टीटीई आपको सीट भी दे सकता है।

हरियाणा विधानसभा के चुनाव धीरे-धीरे मजेदार होते जा रहा है। हर सीट पर लड़ाई कांटे की मानी जा रही है। सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार को सत्ता में बने रहने के लिए अपना दमखम लगा रही है। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस सत्ता में आने के लिए आतुर दिख रही है।

## हरियाणा चुनाव

### दोगुनी ताकत के साथ मैदान में उतरने को तैयार है भाजपा

# पटौदी के पिछले 8 चुनावों में महज 1 बार जीत पाई कांग्रेस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्य के सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए 5 अक्टूबर को मतदान होना है। वहीं वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। राज्य का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा दक्षिण हरियाणा को माना जाता है। जहां पिछले दो चुनावों से बीजेपी का कब्जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि जिसके पास दक्षिण हरियाणा हो वही राज्य की सत्ता पर काबिज होता है। ऐसे में गुड़गांव की पटौदी (अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए आरक्षित) विधानसभा का भी ऐसा ही कुछ हाल है। इस चुनाव में बीजेपी ने पटौदी से पूर्व विधायक बिमला चौधरी को फिर से उतारा है। वहीं कांग्रेस ने पर्ल चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। जबकि अभय चौटाला के नेतृत्व वाली इनेलो के पवन कुमार चुनावी मैदान में हैं। जेजेपी ने अमर नाथ को उतारा है।

**सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए 5 अक्टूबर को मतदान, 8 को नतीजे**



### बिमला चौधरी ने पहली बार खिलाया कमल

पिछले दो चुनावों में बीजेपी ने पटौदी विधानसभा से प्रचंड जीत दर्ज की। दोनों बार जीत का अंतर दोगुने से भी ज्यादा रहा है। उसी मैदान के साथ जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी तीसरी बार चुनाव में है। बीजेपी ने पटौदी में पहली बार कमल खिलाने वाली बिमला चौधरी को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। साल 2014 में पहली बार बीजेपी राज्य की सत्ता में काबिज हुई। बीजेपी ने 90 विधानसभा सीटों में से 47 पर जीत दर्ज करके पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। इस चुनाव में बीजेपी ने बिमला चौधरी ने जीत दर्ज की। बिमला ने इनेलो के पूर्व विधायक गंगा राम को बड़े अंतर से हराया। बिमला चौधरी को 75,198 वोट मिले, जबकि गंगा राम को 36,235 वोट मिले। जबकि कांग्रेस को सुधीर कुमार 15,652 वोट मिले।

### 2019 चुनाव में भाजपा की जीत

*2019 में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने बिमला की जगह सत्य प्रकाश जरावता को मैदान में उतारा। जरावता ने बहुत बड़ी जीत दर्ज करते हुए अपने नजदीकी निर्दलीय प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह पहाड़ी को 36,579 वोटों से हराया। जबकि तीसरे नंबर पर जेजेपी के दीपचंद अध्यक्ष रहे।*

### राज्य में 5 अक्टूबर को होना है मतदान

हरियाणा में सभी 90 सीटों पर एक चरण में 5 अक्टूबर को मतदान होगा और मतगणना 8 अक्टूबर को होगी। बता दें, चुनाव आयोग ने पूर्व में मतदान की तारीख 1 अक्टूबर को तथा 4 अक्टूबर को मतगणना रखी थी लेकिन बाद में आयोग को चुनाव की तारीख बदलने के लिए अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा बीकानेर, राजस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष से एक ज्ञापन प्राप्त हुआ था। चुनाव आयोग की तरफ से कहा गया था कि हरियाणा में आगामी त्योहार के मद्देनजर ये फैसला लिया गया है। दरअसल, बिश्नोई समुदाय के मतदान के अधिकार और परंपराओं दोनों का सम्मान करने के लिए निर्णय लिया गया।

## खबर संक्षेप

### कमला ने स्वीकारा दूसरी डिबेट का न्योता ट्रंप का इंकार



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हुए एक सर्वे में सामने आया कि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस को रिपब्लिकन कैंडीडेट डोनाल्ड ट्रंप के मुक़ाबले ज्यादा लोग पसंद कर रहे हैं। हाल ही में दोनों के बीच हुई पहली टीवी डिबेट के बाद कई लोगों का मानना है कि कमला इस दौरान ट्रंप पर हावी रहीं। वहीं, अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने 5 नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव से पहले 23 अक्टूबर को एक बहस में भाग लेने के लिए सीएनएन के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।

### 'संसद को अंधेरे कमरों में तब्दील किया जा रहा'



नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता डेरेक ओब्रायन ने आरोप लगाया कि 18वीं लोकसभा के गठन के 100 दिन पूरे होने के बाद भी संसदीय स्थायी समितियों का गठन नहीं हो पाया। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि संसद को अब अंधेरे कमरे के रूप में तब्दील किया जा रहा है।

### लोक गायिका पद्म श्री शारदा सिन्हा के पति का निधन

**पटना।** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा के पति ब्रज किशोर सिन्हा अब इस दुनिया में नहीं रहे। 80 साल की उम्र में उनका निधन हो गया है। उनके बेटे अंशुमान ने इस बात की जानकारी दी। ब्रज किशोर सिन्हा दो दिन पहले घर में गिर गए थे। उनके सिर में चोट आई थी। ब्रेन हेमरेज की वजह से पटना के साईं अस्पताल में उनका निधन रविवार को हो गया। वे शिक्षा विभाग के रिजनल डिप्टी डायरेक्टर पद से सेवानिवृत्त थे। अब पटना के गुलबी घाट पर उनका अंतिम संस्कार होगा।

## जम्मू-कश्मीर विस चुनाव

### गृहमंत्री शाह नौशेरा में भाजपा के अभियान को धार देने पहुंचे

# 'पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए जम्मू कश्मीर में भाजपा सरकार जरूरी'

*जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव अभियान को धार देने के लिए रविवार को भाजपा ने ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां की। नौशेरा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तो पुंछ में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और जम्मू में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रैली की। नौशेरा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आतंक को पाताल में दफन करेंगे। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के अधिकार को छीना है। अगर गोली चली तो जवाब गोले से देंगे।*


एजेंसी ▶▶ नौशेरा

नौशेरा (जम्मू कश्मीर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि आतंकवाद का सफाया होने तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। उन्होंने इस बात पर जोर भी दिया कि जम्मू कश्मीर में शांति सुनिश्चित करने और पड़ोसी देश को सबक सिखाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सत्ता में आना जरूरी है। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी और अब्दुल्ला परिवार की आलोचना की तथा दावा किया कि उन्होंने आरक्षण खत्म करने के लिए हाथ मिला लिया है लेकिन उन्हें ऐसा करने नहीं दिया जाएगा। शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नारे 'नफरत के बाजार में, मोहब्बत की दुकान' पर कटाक्ष किया और कहा, ''आठ अक्टूबर को मतगणना के बाद आपकी तथाकथित 'मोहब्बत की दुकान' बंद हो जाएगी।''

**खास बातें**

- जम्मू में भाजपा अध्यक्ष नड्डा व पुंछ में रक्षामंत्री राजनाथ ने भी ली सभा
- दूसरे चरण में 26 सीटों पर 25 सितंबर को मतदान





### कश्मीर में मिल रहे बदलाव के संकेत : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पुंछ में रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद चुनाव हो रहे हैं और इस चुनाव पर केवल भारत के लोगों की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लोगों की नजरें इस पर टिकी हैं। लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में 58% से अधिक मतदान हुआ है और लद्दाख में 82% से अधिक मतदान हुआ। मैं मानता हूं कि यह जम्मू-कश्मीर के लिए बदलाव का एक संकेत है। पाकिस्तान को लेकर कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि पाकिस्तान से बात करो। हमारा सिद्धांत है कि अगर सुकून के साथ रखना है तो हमें अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने चाहिए। हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते बनाकर रखना चाहते हैं, पाकिस्तान और सबके साथ रखना चाहते हैं लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है कि वे आतंकवाद को बढ़ावा देते रहें और हम उनके साथ अच्छे रिश्ते बनाएं।

### पाक ने दिया नेकां-कांग्रेस को एजेंडा चलाने का प्रमाणपत्र



**जम्मू।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को कांग्रेस तथा नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) को 'गैर-राष्ट्रवादी ताकतें' बताया और कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुद दोनों दलों को जम्मू कश्मीर में पड़ोसी देश का एजेंडा चलाने का 'प्रमाणपत्र' दे दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर में 'परिवर्तन की लहर' का भी उल्लेख किया और केंद्र शासित प्रदेश के साथ भाजपा के 'गहरे जुड़ाव' पर भी जोर दिया। नड्डा ने दावा किया कि आतंकी हमलों में काफी कमी आई है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकवादियों का जीवनकाल 'महज कुछ दिन' का है लेकिन ये दल उनके साथ समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जम्मू जिले के बर्नी इलाके में एक रैली में कहा, ''वे (नेकां, कांग्रेस और आतंकवादियों के साथ समझौता करने वाले) गैर-राष्ट्रवादी ताकतें हैं। ये वे लोग हैं जो आतंकवादियों को छोड़ने और नियंत्रण रेखा के पार व्यापार शुरू करने तथा उनके साथ समझौता करने की बात करते हैं। वे राष्ट्रवादी ताकतें नहीं हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने ही उन्हें प्रमाणपत्र दिया है। सब जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा है।''

## महाराष्ट्र चुनाव से पहले भाजपा की एक और मुसीबत

# महायुति में रस्साकशी, अठावले ने रखी 10-12 सीटों की मांग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र चुनाव को लेकर सहयोगी पार्टी आरपीआई-ए के प्रमुख रामदास अठावले की प्लानिंग से एक बार फिर बीजेपी की सिरदर्दी बढ़ सकती है। अठावले ने चुनाव को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है और एक बयान में कहा है कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कम से कम 10 से 12 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। आरपीआई-ए प्रमुख अठावले ने बताया कि उनकी पार्टी अपने चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेगी और विदर्भ क्षेत्र में 3-4 सीटों की मांग करेगी, जिसमें उत्तर नागपुर, उमरेड (नागपुर), उमरखेड (यवतमाल) और वाशिम के क्षेत्र शामिल हैं। बीजेपी सीट शेयरिंग को लेकर पहले से ही मुश्किलों का सामना कर रही है, जहां पार्टी की सहयोगी शिवसेना और एनसीपी की सीट बंटवारे पर अपनी-अपनी इच्छाएं और मांगें हैं।



### 10-12 सीटों की अठावले को उम्मीद

अठावले ने बताया, ''हमने 18 संभावित सीटों की लिस्ट बनाई है, जो हम महायुति के साथियों के साथ साझा करेंगे, और हमें उम्मीद है कि हमें कम से कम 10 से 12 सीटें मिलेंगी। अठावले ने बीजेपी-शिवसेना और एनसीपी से अपनी पार्टी के लिए चार-चार सीटें उनके कोटे से देने की मांग की है। उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के महायुति सरकार में शामिल हो जाने के कारण आरपीआई (ए) को राज्य में कोई मंत्री पद नहीं मिला, जबकि उन्हें पहले वादा किया गया था।


### बीजेपी के लिए पैदा हो सकती है दोहरी समस्या

महायुति गठबंधन में बीजेपी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना और अजीत पवार की पार्टी एनसीपी शामिल है और आरपीआई-ए भी इसका हिस्सा है। रामदास अठावले की पार्टी केंद्र में भी बीजेपी की सहयोगी है और ऐसे में बीजेपी के लिए दोहरी समस्या है, जहां पार्टी अकेले अच्छे-खासे सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बना रखा है।

### अल जजीरा के ऑफिस को इजराइली सैनिकों ने करवाया बंद

# 'कैमरे लेकर दफ्तर से तुरंत निकल जाओ'

एजेंसी ▶▶ गाजा



इजराइली सैनिकों ने रविवार तड़के इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में समाचार संगठन अल जजीरा के कार्यालय पर छापे मारे और वहां मौजूद लोगों को तत्काल काम बंद करने का आदेश दिया। अल जजीरा ने अपने अरबी भाषा के चैनल पर इजराइली सैनिकों के एक फुटेज का सीधा प्रसारण किया जिसमें सैनिक कार्यालय को 45 दिन तक बंद रखने का आदेश दे रहे हैं। अल जजीरा गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध का प्रसारण कर रहा है। सैनिकों ने दफ्तर में काम कर रहे पत्रकारों से सारे कैमरे लेकर तुरंत ऑफिस से बाहर निकलने के लिए भी कहा। इजराइल ने पहले भी पूर्वी यरुशलम में अल जजीरा के कार्यालय पर छापा मारा था, उसके उपकरण जब्त कर लिए थे, इजराइल में उसके प्रसारण पर रोक लगा दी थी तथा उसकी वेबसाइट्स पर भी पाबंदी लगा दी थी। इजराइली सेना ने अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### अलजजीरा ने की इस कदम की निंदा

अल जजीरा ने इस कदम की आलोचना की है और वह पड़ोसी देश जॉर्डन के अम्मान से प्रसारण कर रहा है। 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से अल जजीरा ने इजराइल के अभियान के प्रभावों पर लगातार जमीनी रिपोर्टिंग प्रसारित की है। इजराइली सेना ने कतर स्थित नेटवर्क के पत्रकारों पर हमास या उसके सहयोगी इस्लामिक जिहाद से जुड़े होने का बार-बार आरोप लगाया है। अल जजीरा ने इजराइल के आरोपों का जोरदार खंडन किया है और कहा है कि इजराइल गाजा पट्टी में अपने कर्मचारियों को व्यवस्थित रूप से निशाना बनाता है।

# अब मालदीव के साथ हुए सौदों की नहीं होगी जांच

### मुइज्जू ने बंद किया भारत विरोधी एजेंडा!

एजेंसी ▶▶ माले



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने संसद को भारत के साथ समझौतों की जांच करने से रोक दिया है। मुइज्जू ने यह आदेश भारत-मालदीव संबंधों में हो रहे सुधार के बीच जारी किया है। दरअसल, मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने से पहले अपने चुनावी घोषणापत्र में पिछली सरकार के दौरान भारत के साथ हुए समझौतों की जांच कराने की बात कही थी। जब मुइज्जू सत्ता में आए तो उन्होंने समझौतों की जांच का आदेश भी दे दिया, लेकिन अब इस पर मालदीव की संसद को जांच करने से रोक दिया गया है। हाल में ही भारत ने मालदीव को दिए गए कर्ज को चुकाने की समयसीमा बढ़ाई है। अधाधु की रिपोर्ट के अनुसार, मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी के सांसद अहमद अजान ने 9 जून को मालदीव की संसद की सुरक्षा समिति के समक्ष भारत के साथ हुए समझौतों की जांच के लिए एक प्रार्थना पत्र सौंपा था।

### मुइज्जू के आदेश पर रुकी जांच

अधाधू की रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला तीन महीने से समिति स्तर पर लंबित है और सत्तारूढ़ पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) के कुछ सांसदों ने बताया कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के आदेश पर इस मुद्दे को लटका दिया गया है। एक सांसद ने कहा, ''इस मुद्दे को राष्ट्रपति के सीधे आदेश पर लटका दिया गया है, क्योंकि इससे भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना मुश्किल हो सकता है। जब बिना चर्चा के इस मुद्दे को उठाया गया तो राष्ट्रपति नाराज हो गए।'' संसद की वेबसाइट पर यह नहीं दिखाया गया है कि उप-समिति ने इस मुद्दे पर कोई बैठक की है या नहीं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

### चीन के हैं कट्टर समर्थक, भारत के लिए बढ़ी मुसीबत

# श्रीलंका राष्ट्रपति चुनाव में उलटफेर दिसानायके होंगे नए राष्ट्रपति



एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका राष्ट्रपति चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ है। आम चुनावों में मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने धमाकेदार जीत दर्ज की है। वह श्रीलंका के अगले राष्ट्रपति होंगे। वहीं साजिथ प्रेमदासा एक बार फिर मुख्य विपक्षी नेता की भूमिका में दिखेंगे। जबकि निवर्तमान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे तीसरे स्थान पर रहें। ये पहला मौका है जब श्रीलंका में कोई वामपंथी नेता राष्ट्रपति के पद पर बैठेगा। अनुरा ने तीन नामी उम्मीदवारों- नमल राजपक्षे, साजिद प्रेमदासा और रानिल विक्रमसिंघे को इस चुनाव में मात दी है। जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) पार्टी के नेता दिसानायके इस चुनाव में नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) गठबंधन की ओर से राष्ट्रपति पद के कैंडिडेट बने थे। श्रीलंका में देश के 10वें राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए 21 सितंबर को मतदान हुआ था। अनुरा कुमारा दिसानायके वामपंथी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक जेवीपी पार्टी भारत विरोध के लिए जानी जाती है।

### प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे रहे दिसानायके

रविवार को सुबह 7 बजे घोषित कुल मतों की गिनती में, 56 वर्षीय, श्री दिसानायके ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी 57 वर्षीय साजिथ प्रेमदासा के खिलाफ 727,000 वोट या 52% वोट हासिल किए, जो मुख्य विपक्षी नेता हैं, जिन्हें 23% के साथ 333,000 वोट मिले। मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, 75, 235,000 वोटों के साथ 16% से काफी पीछे चल रहे थे। इससे पहले, श्रीलंका के लोग 21 सितंबर, 2024 को अपने अगले राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए मतदान करने के लिए बाहर निकले, जो 2022 में द्वीप राष्ट्र की अर्थव्यवस्था के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद होने वाला पहला चुनाव है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## अश्विन 10वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच

भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के पास हैं। उन्होंने 14 बार ये अवॉर्ड जीता है। अश्विन ने चेन्नई टेस्ट में शतक लगाने के साथ 6 विकेट लिए। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। अश्विन को 10वीं बार टेस्ट में ये अवॉर्ड मिला।

**580** टेस्ट भारत ने खेले | **179** मैच में दर्ज की जीत

*भारत का घरेलू जमीन पर रिकॉर्ड शानदार रहा है। भारत अपने घर में एक भी टेस्ट सीरीज नहीं हारा*

**178** मुकाबलों में मिली हार

**222** ड्रॉ, 1 मैच टाई

**सबसे ज्यादा जीत हार**

| देश | मैच | जीते |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 866 | 414 |
| इंग्लैंड | 1077 | 397 |
| वेस्टइंडीज | 580 | 183 |
| भारत | 580 | 179 |
| द.अफ्रीका | 466 | 179 |

नवंबर 2012 से भारत लगातार 17 घरेलू टेस्ट सीरीज में अपराजित है

# 92 साल के टेस्ट इतिहास में टीम इंडिया चौथी सबसे सफल टीम, जीता 179वां मैच

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट में रविवार को भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 280 रन से हराया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम टेस्ट में संयुक्त रूप से चौथी सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बन गई है। भारत की टेस्ट क्रिकेट में यह 179वीं जीत रही। भारत के 92 साल के टेस्ट इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, उसके द्वारा जीते गए मैचों की संख्या हारे गए मैचों से ज्यादा है।

भारत ने 580 मैचों में 178 मैच गंवाए भी हैं। वहीं 222 मैच ड्रॉ रहे और एक मैच टाई भी रहा। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका की बराबरी कर ली है। दोनों ही देशों ने टेस्ट में 179-179 मैच जीते हैं। सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया है। कंगारू टीम ने अब तक 866 टेस्ट खेले हैं और 414 में जीत दर्ज की है। 232 में टीम ने हार का मुंह देखना पड़ा है।





### 280 रन से जीता मैच

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 280 रन से जीत लिया है। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 376 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 149 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में भारत ने चार विकेट के नुकसान पर 287 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इस तरह भारतीय टीम ने 514 रन की बढ़त बना ली। बांग्लादेश की टीम चौथे दिन 234 रन पर ऑलआउट हो गई।

### भारतीय टीमों ने चेस ओलंपियाड में जीते स्वर्ण

**बुडापेस्ट।** भारत ने रविवार को इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने 45वें शतरंज ओलंपियाड में अंतिम दौर में अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर इस प्रतियोगिता में पहली बार स्वर्ण पदक जीता।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बाढ़ से कई ट्रेनें रद्द कुछ के मार्ग बदले

**पटना।** पूर्व मध्य रेलवे के एक पुल के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंच जाने के कारण जमालपुर-भागलपुर रेलखंड से गुजरने वाली



कई ट्रेन रद्द कर दी गई। कई अन्य के मार्ग में बदलाव किया गया। सुल्तानगंज और रतनपुर स्टेशन के बीच पुल संख्या 195 के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंच जाने से ट्रेन परिचालन बाधित है।

### बाल 'पोर्नोग्राफी' देखने पर फैसला आज


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को एक याचिका पर फैसला सुनाएगा। इसमें मद्रास उच्च



न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई जिसमें कहा गया है कि केवल बाल 'पोर्नोग्राफी' को डाउनलोड करना और उसे देखना पॉक्सो अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत आने वाला अपराध नहीं है।

### कुएं में गिरने से तीन लोगों की मौत


**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में रविवार को कुएं में गिरकर तीन लोगों की मौत हो गई। बिसंडा



थाना क्षेत्र के बड़ागांव में रविवार को पैर फिसलने पर किसान अनिल पटेल (40) खेत में बने कीचड़ युक्त कुएं में गिर गए और बेहोश हो गए। उन्हें बाहर निकालने के लिए संदीप वर्मा (19) और बाला वर्मा (21) भी कुएं में उतर गए।

### रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में मतृ पाया गया बाघ

**जयपुर।** सवाई माधोपुर जिले में स्थित रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के बीच क्षेत्राधिकार को



लेकर हुई लड़ाई के बाद तीन वर्षीय नर बाघ मृत पाया गया। उप मुख्य वन संरक्षक रामानंद भास्कर ने बताया कि वन रक्षकों ने रविवार सुबह खंडार रेंज में बाघ के शव को देखा, जिस पर चोट के निशान थे।

### गंगा में नहाते समय दिल्ली के दो युवक बहे

**देहरादून।** ऋषिकेश के निकट शिवपुरी में रविवार को दिल्ली के दो युवक गंगा नदी में नहाते समय



उसके तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंची। युवकों की तलाश के लिए नदी में खोजबीन अभियान शुरू किया लेकिन उनका अभी तक कुछ पता नहीं चला है।

## अमेरिका में नमो-नमो, भारतीय समुदाय को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

# न्यूयॉर्क में बोले पीएम मोदी- भारत अब अवसर तैयार करता है, इंतजार नहीं

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

लॉन्ग आइलैंड में आयोजित 'मोदी एंड अमेरिका' नामक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग एकत्रित हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में देश को विकसित राष्ट्र बनाने का बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आज अवसरों की भूमि है। उन्होंने हमने हर सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए पॉलिसी बनाई, हमने सस्ते डेटा पर काम किया। आज दुनिया का हर बड़ा मोबाइल ब्रांड मेड इन इंडिया है। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है। एक जमाना था, जब हम मोबाइल आयात करते थे आज हम मोबाइल निर्यात करते हैं। आज भारत पीछे नहीं चलता, आज भारत नेतृत्व करता है, नई व्यवस्था बनाता है। भारत ने डिटिजल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का कॉन्सेप्ट दुनिया को दिया। भारत का यूपीआई पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। आपकी जेब में वॉलेट है लेकिन भारत में लोगों के पास ई वॉलेट है। भारत के लोगों के पास डिजी लॉकर है। भारत अब रुकने या थमने वाला नहीं है।

मोदी ने न्यूयॉर्क में हजारों भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए कहा, इस कठिन चुनाव प्रक्रिया, इस लंबी चुनाव व्यवस्था से गुजरने ▶▶ शेष पेज 4 पर




*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका के दौरे पर हैं। उन्होंने क्वॉड समिट में शिरकत की। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ एक अहम द्विपक्षीय वार्ता भी की। इसमें भारत ने अमेरिका से आकाश और समुद्र की सुरक्षा के लिए एमक्यू-9बी गार्जियन ड्रोन खरीदा है, जो कि मेगा डील में शामिल है। पीएम मोदी ने रविवार को न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अब अवसर तैयार करता है, इंतजार नहीं करता।*

### बोस्टन, लॉस एंजिलिस में दूतावास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका के बोस्टन और लॉस एंजिलिस में भारत दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा, जिससे इन दो बड़े अमेरिकी शहरों में तेजी से बढ़ते भारतीय अमेरिकी समुदाय की पुरानी मांग पूरी हो जाएगी।

### अमेरिका से 'गार्जियन' खरीदा

इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बैठक में दोनों नेताओं ने वैश्विक और रणनीतिक गठबंधन को और मजबूत करने पर बात की। भारत ने अमेरिका से आकाश और समुद्र की सुरक्षा के लिए एमक्यू-9बी गार्जियन ड्रोन खरीदा है।



### क्वाड देशों ने चीन-पाक को चेताया

भारत के खिलाफ आए दिन साजिश करने वाले चीन और पाकिस्तान को क्वाड देशों ने मिलकर चेताया है। क्वाड के संयुक्त बयान में 26/11 के मुंबई आतंकी हमले और पठानकोट आतंकी हमले की निंदा की गई। बयान में कहा गया कि यूएन सिक्योरिटी काउंसिल के 1276 सैंक्शन कमेटी के माध्यम से इन हमलों के साजिशकर्ताओं के खिलाफ कड़ा एक्शन होना चाहिए। क्वाड नेताओं ने समान रूप से आतंकवाद और हिंसक कट्टरपंथ की निंदा की। ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और जापान इन चारों देशों ने मिलकर आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता दोहराई। क्वाड के संयुक्त बयान में कहा गया कि मुंबई आतंकी हमले और पठानकोट हमले को लेकर हम फिर से निंदा करते हैं। यह बैठक बीते साल होनुलुलु में हुई थी और इस बार नवंबर में जापान में होनी है। क्वाड बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत की आवाज बुलंद की।

### एक नई क्षेत्रीय समुद्री पहल की घोषणा

क्वाड राष्ट्रों ने हिंद-प्रशांत में प्रशिक्षण के लिए एक नई क्षेत्रीय समुद्री पहल (मैत्री) की घोषणा की, ताकि अपने जलक्षेत्र की निगरानी एवं सुरक्षा कर सकें, अपने कानूनों को लागू कर सकें।

## लड्डू विवाद का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

# सीएम नायडू का फैसला तिरुपति मंदिर में गड़बड़ी की जांच करेगी एसआईटी



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम के रूप में बांटे जाने वाले लड्डुओं में जानवरों की कथित चर्बी मिलने और कथित अनियमतताओं की जांच के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक विशेष जांच टीम को गठित करने का फैसला किया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में भी एक जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें एसआईटी गठन की मांग की गई है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए नायडू ने मीडिया को बताया कि हम एक विशेष जांच दल का गठन कर रहे हैं। एसआईटी इस मामले की गहराई से जांच करके हमें रिपोर्ट सौंपेगी, जिससे की दोषियों को सजा दी जा सके और भविष्य में ऐसी किसी भी घटना से बचा जा सके।

सीएम ने पिछली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनके शासन के दौरान तमाम अनियमितताएं हुई हैं। हमारी सरकार उस सिस्टम को साफ करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में तिरुमाला में कई गैर-पवित्र चीजें की गईं हैं, हम उनकी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सीएम बोले- सभी मंदिरों की कराएंगे सफाई

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने तिरुपति लड्डू विवाद पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मंदिरों में जल्द ही 'सफाई प्रक्रिया' शुरू की जाएगी। नायडू ने तेलुगु देशम पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। साथ ही, उन्होंने धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने के लिए राज्य सरकार ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ईरान में हादसा, 18 श्रमिक फंसे

# कोयला खदान में मीथेन गैस लीक से धमाका, 51 की मौत



एजेंसी ▶▶ तेहरान

पूर्वी ईरान में एक कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य लोग घायल हो गए। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया ऐसी आशंका है कि 18 अन्य श्रमिक खदान में फंसे हुए हैं। एक खबर में कहा गया है कि राजधानी तेहरान से करीब 540 किलोमीटर दूर दक्षिणपूर्व में तबास में स्थित एक कोयला खदान में शनिवार देर रात यह दुर्घटना हुई। इसमें कहा गया है कि प्राधिकारियों ने आपात कर्मियों को घटनास्थल भेजा है। हादसे के वक्त खदान में करीब 70 लोग काम कर रहे थे। सरकारी टेलीविजन ने बाद में बताया कि जमीन से नीचे 700 मीटर की गहराई पर सुरंगों के भीतर 18 लोगों के फंसे होने की आशंका है।

### 28 श्रमिकों का रेस्क्यू

माना जा रहा है कि 18 लोग अंदर फंसे हुए हैं, जबकि 28 लोगों को जिंदा निकाल लिया गया है। जिंदा निकाले गए लोगों को पास के अस्पतालों में इलाज के लिए भेजा गया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि उन्होंने फंसे हुए लोगों को बचाने और उनके परिवारों की सहायता के लिए सभी प्रयास करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि घटना की जांच शुरू हो गई है।

### पहले भी हो चुके कई धमाके

ईरान के खदान उद्योग में यह पहली दुर्घटना नहीं है। 2013 में दो अलग-अलग खदान दुर्घटनाओं में 11 मजदूरों की मौत हो गई थी। 2009 में कई घटनाओं में 20 मजदूरों की मौत हो गई थी। 2017 में एक कोयला खदान में विस्फोट में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई थी।

## संसदीय समिति ने मांगे अतिरिक्त कर्मी

# वक्फ विधेयक पर मिले 1.2 करोड़ ई-मेल, छांटना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ विधेयक की जांच कर रही संसदीय समिति को 1.2 करोड़ ईमेल प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। भाजपा के नेता जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति को भी दस्तावेजों के साथ 75,000 प्रतिक्रियाएं मिली हैं जिसमें अपने-अपने दृष्टिकोण का समर्थन किया गया है। इसके कारण समिति को लोकसभा सचिवालय ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पांच शहरों का दौरा करेगी समिति

संसदीय समिति सरकारी अधिकारियों, कानूनी विशेषज्ञों, वक्फ बोर्ड के सदस्यों और समुदाय के प्रतिनिधियों से प्रतिक्रिया लेने के लिए पांच शहरों के दौरे पर भी जाने वाली है। यह दौरा 26 सितंबर को शुरू होगा जिसके तहत समिति के लोग मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु जाएंगे।

## जेल भेजे गए लोगों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश

# लोहारीडीह पहुंचे मंत्री, उप मुख्यमंत्री ने सौंपा पीड़ित परिवार को 10 लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

**खास खबर**

लोहारीडीह प्रकरण में शनिवार को पुलिस हिरासत में मृत प्रशांत के परिजन को 10 लाख रुपए का चेक सौंपा गया है। पूरे मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निर्देश दिए हैं कि जितने भी लोग जेल में हैं, उनका रेगुलर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा, मंत्री टंकराम वर्मा तथा पंडरिया विधायक भावना बोहरा शनिवार को ▶▶ शेष पेज 4 पर



### राशन सामग्रियों का वितरण

लोहारीडीह में करीब सप्ताहभर से चल रहे संकट को ध्यान में रखते हुए सरकार ने गांव के हर घर में सूखा राशन, दाल, तेल, आलू, सोयाबीन बड़ी सहित अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री के पैकेट पहुंचाए हैं। निर्देश दिए गए हैं कि लोहारीडीह में स्थिति सामान्य होते तक विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### प्रदेश साहू संघ की जांच टीम पहुंची लोहारीडीह

जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह में घटित आगजनी व हत्याकाण्ड में साहू समाज के तीन सदस्यों की मौत के मामले को लेकर साहू समाज लगातार सक्रिय है और इस मामले में प्रदेश साहू संघ भी सामने आ गया है। रविवार को इसी परिपेक्ष्य में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू 16 सदस्यीय जांच टीम के साथ घटना ग्राम लोहारीडीह पहुंचे जहां उन्होने पूरे मामले ▶▶ शेष पेज 4 पर

## करतला थाना क्षेत्र के बैगामार में सांप को सजा-ए-मौत

# जिस सांप के डंसने से मौत, उसे युवक की चिता के साथ जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

**अलग खबर**

करतला थाना क्षेत्र के ग्राम बैगामार में सांप के डंसने से एक युवक की मौत हो गई। जिस सांप के डंसने से युवक की मौत हुई उस सांप को मारकर युवक के परिजन ने युवक की चिता के साथ जला दिया।

युवक की अंतिम यात्रा के दौरान सर्प को रस्सी से बांधकर उसके पीछे-पीछे ले जाया गया और जब युवक का अंतिम संस्कार किया गया वहीं उस सर्प का भी अंतिम संस्कार कर दिया ▶▶ शेष पेज 4 पर

**ऐसा पहला मामला**

यह अपने आप में एक नया मामला देखने को मिला है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्प डंसने के मामले जब सामने आते हैं, तो ग्रामीण ऐसे सर्प को पकड़कर मार देते हैं, दूसरी ओर ग्राम बैगामार में डिगेश्वर को डंसने वाले सर्प का उसके साथ ही अंतिम संस्कार किया गया है।



### मच्छरदानी भी नहीं बचा सकी

युवक की मौत बनकर आए करैत के लिए मच्छरदानी भी कवच का काम न कर सकी। युवक खाट में मच्छरदानी लगा कर सो रहा था लेकिन रात के वक्त मच्छरदानी के अंदर जहरीला करैत घुस गया और उसके पैर को डंस लिया। युवक ने बिस्तर से उठकर देखा तो मच्छरदानी में सांप लिपटा हुआ था। उसने इसकी सूचना परिजनों को दी तो आनन-फानन में अस्पताल ले गए किंतु रविवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### पिकनिक मनाने गए दो युवक एनीकट में डूबे

**राजनांदगांव।** शहर से करीबन सात किलोमीटर दूर स्थित मोखला एनीकट में रविवार दोपहर डूबने से दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों ही युवक का शव घंटेभर की मेहनत बाद बाहर निकाल लिया गया था। दोनों ही शहर के लखोली इलाके में रहने वाले हैं। शव मिलने के बाद उनका पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया गया। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीबन 11 बजे लखोली के डेढ़ दर्जन युवा पिकनिक मनाने के लिए मोखला एनीकट गए हुए थे। इस दौरान करीबन 8 से 10 युवक नहाने के लिए एनीकट में उतरे, जहां उम्मीद से अधिक जलभराव होने के चलते 4 से 5 युवक डूबने लगे।

## चिंतन

# ‘क्वाड’ किसी के खिलाफ नहीं चीन वैश्विक नियमों को माने

चार देशों का समूह क्वाड के सदस्य देशों का संदेश साफ है कि यह किसी के खिलाफ नहीं है, यह अंतरराष्ट्रीय नियमों के पालन की भावना को आगे बढ़ा रहा है। क्वाड चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद के मंच से भारत ने दो टूक कहा कि यह नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के पक्ष में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिखर सम्मेलन में कहा, ‘स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी प्राथमिकता है। क्वाड हमेशा रहेगा।' क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान व ऑस्ट्रेलिया हैं। फ्रांस शामिल होने का इच्छुक है। क्वाड की कोशिश वैश्विक स्तर पर ऐसी साझेदारी विकसित करने की है, जिसमें हिंद प्रशांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय नियमों की अनदेखी न हो, समंदर में स्वतंत्र व मुक्त आवाजाही हो, संप्रभुता का सम्मान हो, क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान हो। इसकी स्थापना से ही चीन इसे अपने खिलाफ एक गठबंधन मानता रहा है, लेकिन क्वाड इसे खारिज करता रहा है। अभी जब अमेरिका में कवाड की शिखर बैठक हुई है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा शामिल हुए हैं, वहां से अप्रत्यक्ष तौर पर चीन को संदेश जरूर दिया गया है कि क्वाड हिंद प्रशांत क्षेत्र में उसकी मनमानी के विरुद्ध है, चीन अगर नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मानता है, क्षेत्रीय संप्रभुता का सम्मान करता है, तो क्वाड कतई उसके खिलाफ नहीं है। यहां यह जिक्र जरूरी है कि क्वाड कूटनीतिक व सामरिक रूप से चीन पर दबाव क्यों बनाता है? चूंकि चीन दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर क्षेत्रीय विवादों में शामिल है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है, वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं। ऐसे में टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है। अंतरराष्ट्रीय नियम है कि समुद्र वैश्विक संपदा है, इसमें सभी मुल्कों की स्वतंत्र व मुक्त आवाजाही है, कोई भी मुल्क समुद्र के किसी भी क्षेत्र पर अपना दावा नहीं कर सकता है। लेकिन चीन की ओर से दक्षिण चीन सागर पर अनधिकृत दावा किया जाता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बिगड़ती है। चीन का भारत, जापान, आस्ट्रेलिया के साथ सीमा विवाद है। क्वाड के रूप में चार शक्तिशाली देशों के साथ आने से मजबूत सामरिक व कूटनीतिक गठबंधन बन जाता है, जिसका मुकाबला करना चीन के लिए आसान नहीं है। इसलिए हर क्वाड की बैठक के समय चीन असहज रहता है, तीखी प्रतिक्रिया देता है और इसकी आलोचना करता है। क्वाड वैश्विक सहायता, साझेदारी और पूरक सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है। अब तक क्वाड ने स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन, क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक एवं समावेशी पहल की हैं। क्वाड के नेता ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब पूरी दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे समय में क्वाड का अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मिलकर काम करना पूरी मानव जाति के लिए अहम है। क्वाड से रूस व यूक्रेन जंग की समाप्ति का रास्ता निकलना चाहिए था, पर ऐसा नहीं हुआ। ‘क्वाड' की बैठक के बाद संयुक्त रूप से जारी एक घोषणा पत्र में कहा गया कि यह समूह किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एकतरफा कार्रवाई के खिलाफ है। चीन की मनमानी सीमाओं पर व समंदर में नहीं चल सकती, चीन को वैश्विक नियमों का पालन करना ही होगा। वर्ष 2017 में गठित क्वाड एक सुपर पावर मंच बन कर उभर रहा है, जिसमें सबके हित हैं।

## सियासत


योगेश कुमार सोनी



# आतिशी पर दांव से केजरीवाल की चुनावी नैया पार लगेगी!

बीते कई दिनों से देश की राजधानी दिल्ली की राजनीति में सियासी भूचाल चल रहा है। केजरीवाल के जेल में रहते हुए विपक्ष लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहा था। लेकिन जैसे ही केजरीवाल जेल से बाहर आए, उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हुए आतिशी को कमान दे दी। राजनीतिज्ञ व विशेषज्ञ इसे तकनीकी रूप से सियासी दांव मान रहे हैं। एक वर्ग का मानना यह है कि मौजूदा स्थिति में केजरीवाल के पास मुख्यमंत्री रहते हुए भी सत्ता नहीं थी, चूंकि कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी है जिसमें वह अपनी शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते थे। वह एलजी की सहमति के बिना मुख्यमंत्री कार्यालय या दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकते थे व किसी सरकारी फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते थे। इसके अलावा पब्लिक मंच से इस मामले में बयान नहीं दे सकते व साथ ही इस केस से संबंधित किसी गवाह से न संपर्क करेंगे। इसके अलावा भी कई चीजें ऐसी हैं जिसके लिए वह प्रतिबंधित हैं। अब मामला यह है कि केजरीवाल ने आतिशी को कमान जिस स्थिति में दी, उससे पार्टी के अंदर ही नकारात्मक व सकारात्मक दोनों तरह का माहौल बन गया। नकारात्मकता की स्थिति इसलिए मानी जा रही है कि पार्टी में उनसे पुराने व बड़े कद के नेता भी हैं जिनको मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था, जैसे कि संजय सिंह, गोपाल राय, सोमनाथ भारती आदि कई नाम हैं लेकिन उनके नाम पर मुहर नहीं लगी। दरअसल, पार्टी के जो नेता केजरीवाल के साथ के हैं या यू कहें कि जो आंदोलन के समय से लेकर अब तक साथ हैं व उनकी वरिष्ठता आतिशी से कहीं बड़ी है। इस वजह से उनके खेमे के कई कार्यकर्ताओं का पार्टी से मोह भंग हो गया और बाकी शीर्ष नेता के खेमे के लोग इस बात से नाराज भी दिख रहे हैं। एक सवाल यह भी है कि आखिर बड़े नेता आतिशी को अपना बॉस क्यों माने? क्या मात्र केजरीवाल के कहने से वह यह बात समझ जाएंगे। हालांकि जब आतिशी सीएम बन ही गई तो अब किसी के सामने कोई विकल्प है भी नहीं, लेकिन अब डर यह बना रहेगा कि कहीं पार्टी के कुछ सीनियर नेता नाराज न हो जाएं जिससे पार्टी में किसी भी प्रकार की आंतरिक कलह हो। देखना होगा कि पार्टी इस मामले को आंतरिक तौर पर कैसे संभालेगी। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी यह संदेश देने का प्रयास कर रही है कि वह पार्टी के किसी भी स्तर के नेता को इतना बड़ा मौका दे सकते हैं। जिससे पार्टी के अधिकतर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ सकता है। लेकिन एक वर्ग का यह भी मानना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में केवल 4-5 महीने ही रह गए तो फिलहाल आतिशी को पार्टी की केयर टेकर बनाया है जिससे चुनावों यह मुद्दा जमकर भुनाया जाएगा। एक महिला को मुख्यमंत्री बनाने पर भी महिला कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने का कार्ड भी खेला जाएगा। सवाल व समीकरण कई तरह के हैं लेकिन क्या अब आतिशी के संरक्षण में आम आदमी पार्टी की छवि सुधरेगी, चूंकि केजरीवाल बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन करके पार्टी की छवि पर डेंट दे चुके चूंकि दिल्ली दोनों पार्टी मिलकर एक भी सीट न ला पाई। दरअसल सोशल मीडिया के इस दौर में कोई भी बात कहीं हुई सोशल मीडिया एक्सपर्ट भूलने नहीं देते। क्योंकि मात्र मुख्यमंत्री बदलने से क्या पार्टी की छवि बदलेगी चूंकि शराब घोटाले की आंच अभी शांत नहीं हुई है। जैसा कि कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खडके का प्रयोग सिर्फ इसलिए किया है कि चूंकि वह गांधी परिवार का हिस्सा नहीं हैं। सालों तक कांग्रेस ने अपना अध्यक्ष नहीं बदला जिस वजह से कांग्रेस की छवि पर प्रभाव पड़ता रहा। कई साल तक चुनाव हारने के बाद,कई आरोप लगने के बाद,छवि को पूरी तरह धूमिल होने के बाद कांग्रेस ने अपना अध्यक्ष बदला था और अब वही स्थिति आम आदमी पार्टी के समक्ष आ गई थी। यह सब जानते हैं कि पार्टी का भरोसा आज भी गांधी परिवार पर ही है, इसी तर्ज पर पूरी आम आदमी पार्टी का भरोसा अभी भी केजरीवाल पर ही है। बहरहाल, आतिशी पर अब बड़ी जिम्मेदारी आ गई है, मौजूदा स्थिति में भी उनके पास सबसे ज्यादा विभाग हैं। विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं है। केजरीवाल ने अब आतिशी को कमान दी है तो अब उन्हें रणनीति के साथ पार्टी की छवि को सुधारते हुए काम करना होगा चूंकि मुख्यमंत्री जैसे पद की जिम्मेदारी व बेहद गंभीर व बडी मानी जाती है। योग्यता व अपनी आक्रामक शैली का फायदा उठाते हुए आतिशी को पार्टी को सजाना होगा व सबको साथ लेकर कार्य करने होंगे। देखना यह होगा कि वह इस कसौटी पर कितनी खरी उतरती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



स्वास्थ्य सेवा

जगत प्रकाश नड्डा

# कारगर साबित हुई आयुष्मान योजना

आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है। हाल ही में भारत सरकार ने 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के नागरिकों को भी इस योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों, के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में, इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है, तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।

आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे कि आशा बहनों , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था। 55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। इस मायने में, आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने वादे को पूरा किया है। इस योजना में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब पीएमजेएवाई ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है। पीएमजेएवाई की एक विशेषता इसका एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है।

आज, भारत भर के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और




शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें।


योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देश भर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया गया है जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है। आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है। सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षात्मक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है। अब तक, पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं। ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयास के केंद्र में हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थाई बनाने की उम्मीद करते हैं। आयुष्मान भारत की उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए, हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है, और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम आयुष्मान भारत को मजबूत करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की यात्रा में सबसे आगे बना रहे। हम योजना के तहत कवर किए गए उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है।

स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। अब तक की योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दर्शाती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर, आइए हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे। जय हिन्द !

(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित

## दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि ‘मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।’

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पूरे विश्व में कैसे स्थापित होगी शांति

संयुक्त राष्ट्र ने मानवता के लिए सभी मतभेदों से ऊपर उठने, शांति के लिए प्रतिबद्ध होने और संस्कृति के निर्माण में योगदान करने के उद्देश्य से विश्व शांति दिवस मनाने का निर्णय लिया था। साल 2001 में 21 सितंबर को विश्व शांति दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। इस दिन सफेद कबूतरों को उड़ाकर शांति का पैगाम भी बहुत से देशों द्वारा दिया जाता है। इस दिवस का इस बार का थीम है, ‘शांति की संस्कृति का विकास करना।’ हमारा देश हमेशा ही शांति और अहिंसा की राह पर चलता आ रहा है। शांति की भावना के कारण भी हमारा देश विश्व गुरु है, जबकि दूसरे बहुत से देशों में अशांति का माहौल बना रहता है। ऐसे देशों को भारत से शांति की शिक्षा लेनी चाहिए। शांति को बढ़ावा देना सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान देता है। हमें यह सोचना है कि पूरे विश्व में शांति कैसे स्थापित हो सकती है। – *संदीप शुक्ला, रायगढ़*

## ट्रेंड

### बाइडेन से बातचीत सार्थक



मैं ग्रीनविले, डेलावेयर में अपने आवास पर मेरी मेजबानी करने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन को धन्यवाद देता हूं। हमारी बातचीत बेहद सार्थक रही। बैठक के दौरान हमें क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिला।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### संकीर्ण राजनीति दु:खद



देशभर में महिलाओं के साथ दिल दहला देने वाली बढ़ती घटनाओं को लेकर आरोप-प्रत्यारोप की संकीर्ण राजनीति करना अति-दु:खद, जबकि यह समय गंभीर चिन्तन का है कि महिला सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर सरकारों की नीयत-नीति में खोट तो नहीं?

-मायावती, बसपा सुप्रीमो

### खेल मैदान के लिए राशि दी



आज ग्राम शलीन में युवाओं की मांग को ध्यान में रखते हुए खेल मैदान के सुदृढ़ीकरण और सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए सांसद कोष से राशि स्वीकृत की है। यह मैदान हमारे युवाओं को अपने खेल कौशल को निखारने का सुनहरा अवसर देगा। -कंगना रनौत, भाजपा सांसद


### मेरे दिल के करीब फिल्म



'चंदू चैंपियन' फिल्म एक परिवर्तनकारी यात्रा रही है, जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। यह मुझे हर दिन बाधाओं को तोड़ने और ऊंचा लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करता रहता है। यहाँ और भी अविस्मरणीय क्षण हैं! -कार्तिक आर्यन, अभिनेता

## करंट अफेयर

# लावरोव बोले- कोई नहीं चाहता न्यूक्लियर युद्ध



रूस के राष्ट्रपति पुतिन के करीबी वोलोडीन के कुछ दिन पहले परमाणु संघर्ष की धमकी देने के बाद क्रेमलिन के सुर कुछ बदले हुए नजर आ रहे हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के बारे में कहा है कि कोई भी परमाणु संघर्ष नहीं चाहता। अपने साक्षात्कार में लावरोव ने कहा कि परमाणु हथियारों के बारे में बात करना गैर–जिम्मेदाराना और गलत है। उन्होंने कहा कि हम रेड लाइन के बारे में बात करते हैं और उम्मीद करते हैं कि हमारी बात का सम्मान किया जाए और सुना जाए। लेकिन मैं अगर यह कहने लगूं कि आप मेरी बात नहीं सुनेंगे तो मैं परमाणु हथियार का उपयोग करूंगा तो यह गलत हैं। लावरोव ने कहा कि रूस नहीं चाहता की कोई भी परमाणु युद्ध हो, यहां तक की कोई भी नहीं चाहता की परमाणु संघर्ष हो। विदेश मंत्री की परमाणु हथियारों पर कही गई यह बात पुतिन के करीबी और ड्यूमा के स्पीकर वोलोडिन की कही बात के बिल्कुल अगल है। वोलोडिन ने कहा था कि अगर पश्चिमी देश यूक्रेन को लंबी दूरी वाली मिसाइलों की आपूर्ति करते रहते हैं और उनसे रूसी जमीन पर हमला होता है तो फिर हमें परमाणु हथियारों की तरफ रुख करना होगा।

## ऑफ बीट

# हमें आक्रामक प्रजातियों के साथ रहना सीखना होगा



आक्रामक या गैर–स्वदेशी प्रजातियों को अकसर संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। गैर–स्वदेशी ‘खरपतवारों’ से लेकर कीटों और जलीय जीवों तक तथा बाहर से लाई गई (या गैर–स्वदेशी) प्रजातियों को खराब समझा जाता है और इसके परिणामस्वरूप अकसर उनका कुप्रबंधन होता है। स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो, जानबूझकर या अनजाने में लाई गई ज्यादातर प्रजातियां स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा नहीं हैं। सरकारें और संरक्षण संगठन इन प्रजातियों के नियंत्रण पर अपना बहुत सारा समय और धन खर्च करते हैं। फिर भी, ज्यादातर विदेशी प्रजातियों को हटाने के प्रयास प्रभावहीन, समय लेने वाले और आमतौर पर दीर्घावधि में असफल होते हैं। निश्चित रूप से, कुछ आक्रामक प्रजातियां जैसे जेबरा मसल्स या एमराल्ड ऐश बोरर – मूल निवासों के लिए खतरा पैदा कर सकती हैं और उनके प्रसार को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। ज्यादातर प्रचलित प्रजातियां हालांकि देशी पारिस्थितिकी तंत्रों के लिए कोई खतरा पैदा नहीं करती हैं और कुछ मामलों में तो नए लाभ भी प्रदान कर सकती हैं।


## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




लाइफ Style



# पहली वेब सीरीज, नेटफ्लिक्स पर होगा 'हीरामंडी' जैसा धमाका...

**मुंबई।** निर्देशक संजय लीला भंसाली ने इस साल ओटीटी पर अपनी शुरुआत की और पहली ही वेब सीरीज 'हीरामंडी' से उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया। अब करण जौहर भी भंसाली की राह पर चलते हुए ओटीटी पर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। वह भी अपने करियर की पहली वेब सीरीज दर्शकों के बीच लेकर आ रहे हैं और उनकी यह सीरीज काफी बड़े स्तर पर बनने वाली है। इसे भारी-भरकम बजट में बनाया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक करण जौहर भी नेटफ्लिक्स के लिए ही एक सीरीज का निर्माण और निर्देशन करने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, करण जिस विषय पर सीरीज बना रहे हैं, यह उनके दिल के बेहद करीब है। इसमें हिंदी सिनेमा की कई बेहतरीन अभिनेत्रियां अभिनय करने वाली हैं।



# तापसी हाथ लगी फिल्म 'तिरंगा'

अभिनेत्री तापसी पन्नू को पिछली बार फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में देखा गया था। उनकी इस फिल्म और इसमें उनके अभिनय की खासी तारीफ हुई थी। तापसी की कई फिल्में आने वाली हैं। खबर है कि तापसी अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म 'तिरंगा' से जुड़ गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म के निर्माता ने खुद यह खुलासा किया है। तिरंगा नाना पाटेकर की फिल्म का रीमेक है। एक इंटरव्यू में फिल्म के निर्माता नरेंद्र हीरावत ने कहा, इस फिल्म में 2 अभिनेत्रियां होंगी, जिनमें से एक के लिए तापसी के नाम पर मोहर लग चुकी है। हमें दूसरी हीरोइन कास्ट करनी है। अक्षय इस साल के अंत में फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। हम अगले साल 15 अगस्त के मौके पर फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म 'तिरंगा' के निर्देशन की कमान संजय पूरन सिंह चौहान ने संभाली है, वहीं अश्विन वर्दे, सुभाष काले और नरेंद्र हीरावत साथ मिलकर इसे बना रहे हैं। तापसी और अक्षय पहले 4 फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। दोनों इससे पहले फिल्म 'बेबी', 'नाम शबाना' में साथ नजर आए थे। 2019 में आई तापसी और अक्षय की फिल्म 'मिशन मंगल' भी सफल रही। पिछली बार दोनों फिल्म 'खेल खेल में' दिखे थे, जो फ्लॉप साबित हुई। अक्षय जल्द फिल्म 'स्काई फोर्स' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे। उनकी पहली तेलुगू फिल्म 'कन्नप्पा' भी चर्चा में है। अक्षय 'वेलकम टू द जंगल', 'हेरा फेरी 3' और 'सिंघम अगेन' जैसी फिल्मों में भी दिखाई देंगे।

## हॉलीवुड मसाला




# 'स्क्विड गेम-2' का नया टीजर जारी

**लॉस एंजिलस।** कोरियन थ्रिलर वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' की अपार सफलता के बाद इसके दूसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है। अब 'सक्विड गेम 2' का नया टीजर सामने आ गया है, जिसमें निर्माताओं ने दर्शकों को अभिनेता ली जंग-जेई के किरादार से रूबरू कराया है। टीजर में आगामी खेलों की एक झलक भी दिखाई गई है। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'खेल कभी बंद नहीं होता। क्या आप खेलने के लिए तैयार हैं?' 'सक्विड गेम' पैसे की तंगी से जूझ रहे व्यक्तियों की कहानी है, जो बच्चों के खेल में बड़ी रकम जीतने के मौके के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।



# 'सिटाडेल सीजन-2' में प्रियंका चोपड़ा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 में काम करती नजर आएंगी। सिटाडेल 2 जोश एपेलबाम, ब्रायन ओह और डेविड वील द्वारा निर्मित एक रोमांचक जासूसी सीरीज है, जिसमें रुसो बंधु कार्यकारी निर्माता के रूप में काम कर रहे हैं। इस वीडियो टूर की शुरुआत प्रियंका के क्लोज-अप शॉट में मिरर सेल्फी से होती है। प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन से जुड़ी झलकियां सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रियंका ने सिटाडेल 2 के सेट से एक बीटीएस वीडियो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर साझा किया है।

# अनुभव की 'तुम बिन' 23 साल बाद सिनेमाघरों में फिर हुई रिलीज

*अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म 'तुम बिन' बॉलीवुड की यादगार फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 13 जुलाई, 2001 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का खूब प्यार मिला।*

**मुंबई।** इस फिल्म में प्रियांशु चटर्जी, संदली सिन्हा, हिमांशु मलिक, राकेश बापट और अमृता प्रकाश जैसे सितारे नजर आए थे। लगभग 23 साल बाद 'तुम बिन' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। 'तुम बिन' 20 सितंबर, 2024 को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। टी-सीरीज ने अपने



आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें अनुभव फिल्म के बारे में बात करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'क्योंकि कुछ प्रेम कहानियां दोबारा अनुभव करने लायक होती हैं।' भूषण कुमार इस फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर भी उपलब्ध है।

## टीवी मसाला



# 'आज सबसे बड़ी समस्या...', 46 साल की एक्ट्रेस का छलका दर्द

**नई दिल्ली।** 'बालिका वधु' में आनंदी की सास का किरदार निभाकर स्मिता बंसल ने टीवी इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई थी। स्मिता ने अपने अभिनय से सबको इम्प्रेस किया है। उन्होंने साल 1998 में टीवी की दुनिया में कदम रखा था. लेकिन सुमित्रा बनकर वह लोगों के दिलों पर राज करने लगी थीं। अपने अब तक के करियर में स्मिता बंसल ने कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। अभिनेता अमन गांधी के साथ 'सेट पे चर्चा' नामक पॉडकास्ट में स्मिता ने इंडस्ट्री में काम मांगने के बारे में बात की. अमन ने उनसे पूछा, "क्या 26 साल में ऐसा कोई टाइम आया था, जब काम नहीं था? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ, लेकिन उनका ये भी मानना है कि इंडस्ट्री में काम मांगना कोई बुराई नहीं है। बता दें कि स्मिता ने अपने करियर में 'चैलेंज', 'तुलसी', 'इतिहास', 'अमानत', 'कोरा कागज', 'आशीर्वाद' जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए जाना जाता है।

### 7 साल निभाया था सुमित्रा का किरदार

'बालिका वधू' में स्मिता ने सुमित्रा की भूमिका निभाई थी। अपनी बात आगे रखते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि, 'सात साल सिर्फ मैंने बालिका वधू में काम किया, तो मैं बाकी किसी प्रोड्यूसर की लिस्ट में नहीं थी। सात साल तक मैं सबसे कटी रही और फिर जब मुझे कुछ करना था, तो मैंने लोगों को मैसेज किया। इसके बाद उनसे पूछा कि कितना मुश्किल था तब शो क्रैक करना और कितना मुश्किल है आज शो क्रैक करना? स्मिता ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'कठिनाई का स्तर की होती है. लेकिन अब लोगों की संख्या बहुत ज्यादा हो गई है, और इसलिए कॉम्पिटिशन भी बढ़ गया है। अगर आप काम के लिए मना कर देते हो तो वो काम करने वाले कई लोग कतार में खड़े हैं। दूसरी सबसे बड़ी समस्या सोशल मीडिया है। इंस्टाग्राम फॉलोअर्स बताएंगे कि मैं क्या कर सकती हूं क्या नहीं। इसलिए हमें अब सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना होगा। हमें समय के साथ बदलना होगा।

# 'खतरों के खिलाड़ी 14' के प्रतियोगियों को टाइगर, मैसी से मिला प्यार ...




**मुंबई।** कलर्स का 'खतरों के खिलाड़ी 14' फिनिश लाइन के नजदीक पहुंच रहा है, सेमीफिनाले एक्शन से भरपूर होने वाला है। जहां प्रतियोगी डर की सरजमीं पर अनुभवी सैलानी बन गए हैं! लेकिन अंतिम बोर्डिंग कॉल से पहले, भरपूर ड्रामा, हंसी और रोमांचक स्टंट का मजा मिलने वाला है। दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की नकल करते हुए, करणवीर मेहरा ने पूरे जोश से पूरे शो में अभिषेक कुमार की किस्मत का मजाक उड़ाया, जिससे दर्शक और रोहित शेट्टी हंस-हंसकर लोट-पोट हो गए। करण ने बड़े मजे से यह जानने का दावा किया कि शो के बाद सभी प्रतियोगियों ने क्या योजना बनाई है, जिसमें शालीन भनोट भी शामिल हैं, जो उनके अनुसार, 'ओवर एक्टिंग की अकादमी' खोलने वाले हैं। करण ने शालीन के सिग्नेचर वॉक की नकल भी की, लेकिन रोहित शेट्टी उनकी इस नकल से स्पष्ट रूप से असंतुष्ट थे, जिन्होंने खुद आगे बढ़कर शालीन की तरह चलने की मास्टर क्लास देनी शुरू कर दी, जिससे हर कोई हंसने लगता है। इसके बाद एक भावुक पल सामने आता है, जब अभिषेक कुमार अपने माता-पिता के साथ वीडियो कॉल पर बात करते हैं। अभिषेक बताते हैं कि जब वह अपने क्लॉस्ट्रोफोबिया के कारण शो के लिए साइन अप करने में झिझक रहे थे, तो उनके पिता ने उन्हें आश्वस्त किया था कि रोहित शेट्टी उनका ख्याल रखेंगे। टाइगर श्रॉफ ने अपनी बहन कृष्णा श्रॉफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अक्सर उन्हें 'फट्टू' कहकर बुलाते थे, लेकिन उन्होंने जो स्टंट्स किए थे वह उनके आधे स्टंट भी नहीं कर पाएंगे!

# संगीत की दुनिया में उतरीं जैकलीन

**मुंबई।** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने संगीत की दुनिया में कदम रख दिया है। उनका पहला गाना 'स्टॉर्मराइडर' रिलीज हो गया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। इस गाने के जरिए उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के सफर को प्रदर्शित किया है। जैकलीन ने 'स्टॉर्मराइडर' के जरिए गायक के रूप में संगीत की दुनिया में कदम रखा है। जैकलीन का यह गाना अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस गाने को अमृता सेन और रॉबिन ग्रुबर्ट ने लिखा है। जैकलीन जल्द ही सोनू सूद के साथ फिल्म 'फतेह' में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर पहले ही सामने आ गया है। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए सोनू निर्देशन में उतर रहे हैं।





# 'द फैमिली मैन-3' में शामिल हुए जयदीप

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' और 'द फैमिली मैन 2' को काफी पसंद किया गया था। ताजा खबर यह है कि 'द फैमिली मैन 3' की स्टार कास्ट में बॉलीवुड अभिनेता जयदीप अहलावत शामिल हो गए हैं। उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है। इसका निर्देशन राज और डीके ने किया है। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। 'द फैमिली मैन 3' में मनोज की जोड़ी प्रियामणि के साथ बनी है। शारिब हाशमी, नीरज माधव, सामंथा रुथ प्रभु, शरद केलकर और पवन चोपड़ा भी इस सीरीज का हिस्सा हैं। बॉलीवुड रिपोर्ट के अनुसार निर्माताओं ने उनके किरदार को गुप्त रखा है। तीसरे सीजन में उनकी ूमिका महत्वपूर्ण होगी।



## जैकेट के शेष

### मेघा महानदी पुल ....

से आवागमन बंद कर दिया गया है। दूसरे दिन 22 सितंबर को सेतु निगम के अधिकारी एवं एडीबी कंपनी के कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त सेतु का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि मेघा महानदी में बने सेतु में दरार आ चुकी है। पुल के नीचे फाउंडेशन वॉल तथा कांक्रीट स्टेप टूटकर बिखर गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मेघा पुल में शनिवार रात्रि 9 बजे पुल अचानक धंसने लगा। इससे आवागमन करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बाढ़ की वजह से से पुल के नीचे का हिस्सा बह गया है, जिसके चलते पुल के नीचे फाउंडेशन वॉल और प्लेट के नीचे, पुल के ऊपर भाग और नीचे के भाग का हिस्सा एक फीट की सुरंग जैसे दिखने लग गया है। **कुरूद पहुंचने में लगेगा चार गुना समय** : मगरलोड क्षेत्र में रहने वालों को कुरूद पहुंचने में अब चार गुना समय लगेगा।

### जंगल सफारी में ....

सफारी में हुई है। सूत्रों के मुताबिक, सफारी में काले हिरणों की मौत की संख्या 16 से ज्यादा है।

### शाम को वाट्सएप ....

में अनावेदक को खुद से कब्जा हटाने कुछ घंटों का ही समय दिया गया। याचिकाकर्ता नूतन राजवाड़े ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में शनिवार की सुबह याचिका पेश कर तुरंत सुनवाई का अनुरोध किया। छुट्टी के दिन हाईकोर्ट में जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की विशेष कोर्ट बैठी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। याचिकाकर्ता की जमीन से बाड़ हटाना शुरू कर दिया है, जो रिट याचिका का विषय है।

### स्वामित्व के बदले ....

मोबाइल फोन पर प्राप्त निर्देश के अनुसार, याचिकाकर्ता का अतिक्रमण हटा दिया गया है। इस पर हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों को देखने पर यह मनमानी लग रहा है। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ता की भूमि पर कब्जे के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है।

### छग सरकार ने ....

में इस बात की अनुमति होगी कि वे केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्रों के अधिकारियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ में कहीं भी जांच करने के लिए स्वतंत्र होगी। राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, यह कदम सरकार ने इसलिए उठाया है, ताकि वह अपने शासकीय सेवकों से संबंधित मामलों में नियंत्रण अपने हाथ में रख सके। अगर ऐसा नहीं होगा तो सीबीआई राज्य के किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को जब चाहे भ्रष्टाचार या अन्य किसी आपराधिक मामले संबंधित शिकायत के आधार पर जांच प्रारंभ कर गिरफ्तार भी कर सकती है, लेकिन अब सीबीआई भी राज्य के कर्मियों पर उसी समय हाथ डाल पाएगी, जब उसे ऐसा करने के लिए राज्य सरकार की पूर्व लिखित अनुमति हासिल होगी। साथ ही अब ये भी साफ है कि राज्य सरकार के अफसर कर्मियों की किसी भी मामले में गिरफ्तारी तो दूर, जांच भी शुरू नहीं कर पाएगी।

### राज्य के कर्मियों ....

जाएगा, जैसा कि केंद्र सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के अफसर, कर्मियों संबंधित मामलों में करने की अनुमति है। सूत्रों के अनुसार, अब राज्य सरकार जो मामले जांच के लिए सीबीआई को सौंपेगी, उन मामलों की ही जांच यह केंद्रीय संस्था कर पाएगी।

### इनके खिलाफ जांच, ....

उपक्रमों के कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों द्वारा किए गए हैं, चाहे वे अलग से काम कर रहे हैं या केंद्र सरकार के उपक्रम के कर्मचारियों के साथ मिलकर काम रहे हों, के अन्वेषण (जांच) के संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों की शक्तियों और कार्य क्षेत्र के विस्तार के लिए सशर्त सहमति दी है। इसका मतलब केंद्र सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के कर्मियों के खिलाफ सीबीआई राज्य में कही भी जांच-पड़ताल करने के लिए स्वतंत्र होगी।

### बस्तर में 20 लाख ....

आत्मसमर्पण किया है। जिनमें रीजनल कंपनी नम्बर 2 का सदस्य हुंगा तामो उर्फ तामोसुर्या पिता स्व. जोगा तामो (37), निवासी विक्रमपल्ली उईकापारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा 8 लाख इनामी, रीजनल कंपनी नम्बर 2 की सदस्या आयती ताती पति हुंगा तामो उर्फ तामो सूर्या पिता आयतु ताती (35), निवासी सावनार गायतापारा थाना जगरगुण्डा 8 लाख ईनामी, उत्तर सब जोनल ब्यूरो सदस्या/राजनीतिक टीम सदस्य देवे उर्फ विज्जे वंजाम पिता स्व. देवा वंजाम (25), निवासी मैलूर बड़ेपारा थाना भेज्जी 3 लाख ईनामी एवं पूवर्ती आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष माड़वी आयते पति नुप्पो भीमा (38), निवासी चिन्नाबोड़केल थाना चिंतलनार जिला सुकमा 1 लाख ईनामी ने पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के समक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण किया।

### अब तक 872 ने .....

872 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

## पेज एक के शेष

### न्यूयॉर्क में बोले .....

के बाद, भारत में (इस वर्ष) कुछ अभूतपूर्व हुआ। क्या हुआ...अबकी बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा, 60 साल में पहली बार भारत के लोगों ने ऐसा जनादेश दिया है, जिसका बहुत महत्व है। अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान मुझे बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने हैं। हमें तीन गुना ताकत के साथ आगे बढ़ना है। मोदी ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन सुशासन और समृद्ध भारत के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि नियति उन्हें राजनीति में लेकर आई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनने के बारे में नहीं सोचा था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में लोगों ने शासन के इस मॉडल को देखा है और इसलिए उन्हें तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए वोट दिया है। प्रधानमंत्री 13,000 से ज़्यादा भारतीय अमेरिकियों से भरे नासाउ वेटरन्स कोलिजियम को संबोधित कर रहे थे। आयोजकों ने बताया कि इनमें से ज़्यादातर लोग न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी क्षेत्र से थे, लेकिन भारतीय अमेरिकी 40 राज्यों से आए थे। उन्हे लाने के लिए 60 चार्टर बसों का इस्तेमाल किया गया था। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने में भारतीय-अमेरिकियों की भूमिका की सराहना करते हुए मोदी ने उन्हें भारत का 'ब्रैंड एंबेसडर' बताया।

### सीएम नायडू का फैसला ...

जांच करेंगे और उनको साफ करेंगे। इसके साथ ही सीएम नायडू ने आरोप लगाया कि उनके पिछले मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए मंदिरों का इस्तेमाल किया और अपने करीबियों को मंदिरों के ट्रस्टों में ऊंचे पदों पर बैठाया। यह मामला तब चर्चा में आया था जब सीएम नायडू ने पिछली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनके शासन के दौरान तिरूपति मंदिर में बंटने वाले प्रसाद में जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता है। अपनी इस बात को साबित करने के लिए मुख्यमंत्री ने गुजरात की एक लैब की रिपोर्ट को भी सामने रखा था जिसमें यह बताया गया था वाईएसआर कांग्रेस के शासन काले के दौरान तिरुपति के मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बी के अंश मिले थे।
**डिप्टी सीएम ने रखा उपवास** : आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कहा- जब हिंदू मंदिरों को अपवित्र किया जाता है तो हमें चुप नहीं रहना चाहिए। कल्याण ने रविवार से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा की शुरुआत की। इस दौरान वह उपवास करेंगे। पवन ने कहा- मुझे अफसोस है कि मैं मिलावट के बारे में पहले क्यों नहीं पता लगा पाया। मुझे दुख हो रहा है। इसके लिए प्रायश्चित करूंगा।

### सीएम बोले- सभी ....

की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा कि तिरुपति लड्डुओं में पशु चर्बी की मिलावट के आरोपों के बाद सरकार भावी कदम के बारे में संतों, पुजारियों और हिंदू धर्म के अन्य शीर्ष विशेषज्ञों से परामर्श करेगी।

### वक्फ विधेयक पर ....

से अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग करनी पड़ी है। सूत्रों में से एक ने कहा, हमने ईमेल प्रतिक्रियाओं की जांच करने और उन्हें वर्गीकृत करने और दर्ज करने के लिए 15 अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है।

### लोहारीडीह पहुंचे मंत्री, .....

लोहारीडीह पहुंचे। डिप्टी सीएम साव ने मृतक प्रशांत साहू के घर पहुंचकर उनकी मां से मुलाकात की। घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें 10 लाख रुपए का चेक भी सौंपा। डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने ग्रामीणों से कहा कि उन्होंने गांव आने से पहले दुर्ग जिला जेल में रखे गए गांव की महिलाओं से मुलाकात की है। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए भी निर्देशित किया है।

### प्रदेश साहू संघ की ....

की जांच की और पीड़ित परिवार के सदस्यों से पूरे मामले पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान श्री साहू ने दोनों पक्षों की बैठक लेकर गांव व समाज में शांति की भी पहल की। इसके अलावा उन्होने पुलिस की गिरफ्तारी के बाद शेष बचे लोगों के भोजन, दवाईयां आदि आवश्यक सामग्री की भी व्यवस्था समाज की ओर से किए जाने की व्यवस्था की। ग्राम लोहारीडीह से लौटने के बाद प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह ने एक प्रेसवार्ता भी आयोजित की। जिसमें उन्होने लोहाराडीह की घटना के दोषी पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव को बर्खास्त कर उनके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किए जाने, क्षेत्र के संबंधित थाना रेंगाखार के थाना प्रभारी तथा ग्रामीणों के साथ की गई मारपीट में संलिप्त पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को बर्खास्त कर उनके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किए जाने, घटना के वीडियों में दिख रहे सभी पुलिस कर्मियों व अधिकारियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किए जाने, कवर्धा जिला जेल के जेलर को बर्खास्त कर उनके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किए जाने, जेल में बंद किए गए निर्दोष ग्रामीणों को तत्काल रिहा किए जाने, मृतक शिव प्रसाद साहू, रघुनाथ साहू तथा प्रशांत साहू के आश्रित परिवार को एक-एक करोड़ का मुआवजा दिए जाने, मृतक प्रशांत साहू के आश्रित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने तथा मृतक शिव प्रसाद साहू, रघुनाथ साहू तथा प्रशांत साहू की मौत की न्यायीक जांच जाने की मांग को पुनः दोहराया है। साथ ही उन्होने ने प्रेसवार्ता में चेतावनी दी है कि ये सभी मांगे अगर एक सप्ताह के भीतर पूरी नहीं की जाती हैं तो प्रदेश साहू संघ उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### जिस सांप के डंसने ....

गया। बारिश के दौरान जिले में सर्पदंश की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। नया मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम बैगामार में सामने आया है। जहां ग्राम बैगामार निवासी डिगेश्वर राठिया 22 वर्ष को एक जहरीले सर्प ने डंस लिया था जब परिजनों को पता चला कि उसे जहरीले सर्प ने डंस लिया है तो घर वालों ने घर में खोजबीन की। जहां डिगेश्वर को डंसने वाले सर्प को परिजनों ने एक टोकरी में बंद कर दिया था। जहां आनन फानन में डिगेश्वर को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान डिगेश्वर की मौत हो गई। जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिसके बाद परिजन डिगेश्वर के शव को लेकर उसके घर पहुंचे जहां परिजनों ने डिगेश्वर के अंतिम संस्कार की तैयारी की और उसके शव को गांव के श्मशान घाट ले जाया गया तो वहीं दूसरी ओर परिजनों ने डिगेश्वर को जिस सर्प ने डंसा था उस सर्प को रस्सी से बांध लिया और डिगेश्वर के अंतिम यात्रा के पीछे-पीछे उस सर्प को भी ले जाया गया और जब डिगेश्वर का अंतिम संस्कार किया गया तो उस चीता में सर्प को भी डालकर जला दिया गया।

## रक्षा मंत्री आज करेंगे जयपुर में सैनिक स्कूल का उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार, 23 सितंबर को जयपुर में एक सैनिक स्कूल का उद्घाटन करेंगे। यह केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए उस विजन के तहत बनाया गया है। जिसमें 100 नए सैनिक स्कूल का निर्माण गैर सरकारी संगठनों, राज्य सरकारों और निजी स्कूलों के साथ निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) के तहत किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी। इसमें बताया कि यह 100 नए सैनिक स्कूल पीपीपी प्रक्रिया से देश में पहले से चल रहे 33 स्कूलों से बिलकुल भिन्न हैं।

जंतर मंतर में जनता की अदालत कार्यक्रम का आयोजन

# 'अपनी मां को आंखें दिखाने लगी भाजपा' दिल्ली में केजरीवाल ने किया बड़ा हमला



## आरएसएस चीफ मोहन भागवत से पूछे सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को जंतर मंतर में जनता की अदालत कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसमें मुख्यमंत्री आतिशी से लेकर पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, मंत्री सौरभ भारद्वाज समेत आप के दिग्गज नेता मौजूद थे। इस दौरान केजरीवाल ने बीजेपी-आरएसएस के रिश्तों को लेकर हमला बोला और कहा कि आरएसएस-बीजेपी की मां की तरह है लेकिन आज बीजेपी अपनी मां को आंखें दिखा रही है। अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी-आरएसएस को मां-बेटा बताने को लेकर हलचल इसलिए मच गई है क्योंकि बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक इंटरव्यू में कहा था कि बीजेपी को आरएसएस की जरूरत नहीं है। केजरीवाल ने आरएसएस चीफ का जिक्र करते हुए सवाल उठाए कि क्या आपको नड्डा की इस टिप्पणी से दुख नहीं हुआ? उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बीजेपी और आरएसएस के बीच का रिश्ता गहरा है, और इस तरह की टिप्पणियां उस संबंध को ठेस पहुंचाने का काम करती हैं।

### भागवत से पूछे सवाल

*केजरीवाल ने आरएसएस चीफ मोहन भागवत को संबोधित करते हुए उनसे कई सवाल पूछे हैं। केजरीवाल ने आरएसएस चीफ मोहन भागवत से पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी पूरे देश में लालच देकर या ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर विपक्षी दलों के नेताओं को तोड़ रहे हैं, सरकारें गिरा रहे हैं। क्या मोहन भागवत यह नहीं मानते कि यह भारतीय लोकतंत्र के लिए हानिकारक है?*

### 'मेरी ईमानदारी पर हुआ हमला, चोर कौन ये आप तय करें'

अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सबसे भ्रष्ट नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल किया। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं को मोदी और अमित शाह ने पहले भ्रष्ट कहा, बाद में उन्हीं को बीजेपी में शामिल कर लिया गया क्या मोहन भागवत ने ऐसी भाजपा की कल्पना की थी? क्या इस प्रकार की राजनीति से आरएसएस सहमत है?
**भाजपा की नैतिक जिम्मेदारी पर उठाए सवाल** : केजरीवाल ने आरएसएस चीफ भागवत से अपने तीसरे सवाल में पूछा कि बीजेपी आरएसएस की कोख से जन्मी है, और आरएसएस की जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि भाजपा सही मार्ग पर चले। केजरीवाल ने पूछा कि क्या आपने मोदी जी से कभी कहा कि वे गलत रास्ते पर न चलें? क्या आप आज की बीजेपी की कार्यशैली से संतुष्ट हैं?
**मोदी के रिटायरमेंट का उठाया सवाल** : बीजेपी के 75 साल वाले रिटायरमेंट के नियम का उल्लेख करते हुए केजरीवाल ने कहा कि इस नियम के तहत लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे वरिष्ठ नेताओं को रिटायर कर दिया गया, लेकिन अब अमित शाह कह रहे हैं कि यह नियम मोदी जी पर लागू नहीं होगा।

# अलबामा में अंधाधुंध गोलीबारी 4 लोगों की मौत और 20 घायल

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क




अमेरिका के अलबामा में देर रात हुई गोलीबारी में 4 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना शहर के सबसे लोकप्रिय मनोरंजन स्थलों में से एक फाइव प्वाइंट साउथ इलाके में हुई। मैगनोलिया एवेन्यू के पास 20वीं स्ट्रीट पर रात 11 बजे के बाद अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई देने लगी। बताया जा रहा है कि शूटर्स का एक ग्रुप था जिसने भीड़ में अंधाधुंध फायरिंग की। चार मौतों के अलावा 20 लोग घायल भी हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बर्मिंघम अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि गोलीबारी के चलते दर्जनों लोग शिकार हुए और 6 लोगों को जानलेवा चोटें आईं जिन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि गोली लगने से 2 पुरुषों और 1 महिला की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि चौथे ने अस्पताल में दम तोड़ा। पूरे मामले की जांच जारी है।

### बीते दिनों हुई ट्रंप की हत्या की कोशिश

यूएस में गोलीबारी की यह घटना फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश के बाद हुई है। ट्रंप जहां खेल रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर छिपकर बैठे अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के एजेंट ने देखा कि लगभग 400 गज की दूरी पर झाड़ियों के बीच से एके-शैली राइफल की नाल दिख रही थी। पाम बीच काउंटी के शेरिफ रिक ब्रैडशॉ ने बताया कि एजेंट ने गोली चलाई, जिसके बाद वहां मौजूद बंदूकधारी राइफल वहीं फेंककर भाग गया।

# 'गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा' का आगाज किया शंकराचार्य ने

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का विरोध करने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इसे लेकर फिर एक बड़ा दावा किया है। अयोध्या से 'गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा' की शुरुआत करने के साथ उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने फिर ऐसी बातें कहीं हैं, जिनकी जबर्दस्त चर्चा हो रही है। रविवार को अयोध्या में मौजूद रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने राम मंदिर में पूजा नहीं की। इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने चौंकाऊ दावा कर डाला। रिपोर्ट के मुताबिक



ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने रविवार को राम मंदिर में पूजा-अर्चना करने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि मंदिर अधूरा है और आंशिक रूप से निर्मित मंदिर में पूजा-अर्चना नहीं की जा सकती. वह राम मंदिर में तभी पूजा-अर्चना करेंगे जब मंदिर का शिखर पूरी तरह से बन जाएगा।

### अयोध्या से एक खास यात्रा की शुरुआत भी की

शंकराचार्य ने अयोध्या से देशव्यापी 'गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा' की शुरुआत की. अयोध्या के संतों की मौजूदगी में अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने यहां एक धर्मसभा बुलाई. इस धर्मसभा में संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने और गाय की अप्रतिबंधित सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने का आह्वान किया गया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'हमारे देश में गाय को गौ माता के रूप में पूजा जाता है।

प्रधानमंत्री की यात्रा का असर

# अमेरिका ने भारत को लौटाई बहुमूल्य 297 कलाकृतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 21 सितंबर से अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने क्वाड शिखर सम्मेलन, समूह नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें की और भारतीय समुदाय को संबोधित भी किया। लेकिन पीएम की अमेरिका में मौजूदगी का एक बड़ा असर यह हुआ है कि अमेरिका ने भारत को उसकी 297 प्राचीन कलाकृतियां वापस लौटा दी हैं। जल्द यह भारत को सौंपी जाएंगी। इन कलाकृतियों को तस्करी के माध्यम से देश से बाहर ले जाया गया था। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में बताया कि यह कलाकृतियां लगभग 4 हजार साल पुरानी हैं। इनका काल खंड 2 हजार ईसा पूर्व से 1900 ई. के बीच का है। ज्यादातर कलाकृतियां पूर्वी भारत की टेराकोटा की



कलाकृतियां हैं। जबकि अन्य कलाकृतियों का संबंध देश के अलग-अलग भागों से जुड़ी हुई लकड़ी, पत्थर, धातु और हाथी दांत से है। इनमें कुछ हिंदू और बौद्ध धर्म के देवी देवताओं की कलाकृतियां भी हैं। डेलावेयर में दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बैठक में सांकेतिक रूप से कुछ कलाकृतियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिखाई भी गई।

**दस साल में लौटाई गई 640 कलाकृतियां**

वर्ष 2014 से लेकर अब तक दुनियाभर से 640 कलाकृतियां भारत को सौंपी गई हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 578 वस्तुएं अमेरिका ने लौटाई हैं। यह भारत को दुनिया के किसी अन्य देश द्वारा लौटाई गई सबसे ज्यादा प्राचीन सांस्कृतिक कलाकृतियां हैं। उल्लेखनीय है कि जी-20 की बैठक के देश में आयोजन के दौरान भी इस विषय पर समूह देशों के बीच गहन चर्चा की गई थी। बीते समय में कई देशों ने भारत को उसकी विरासत से जुड़ी सांस्कृतिक कलाकृतियां वापस की हैं। इसमें ब्रिटेन ने करीब 16, ऑस्ट्रेलिया ने 40 कलाकृतियां लौटाई हैं।

### पीएम ने जताया राष्ट्रपति बाइडन का आभार

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इन कलाकृतियों के भारत को सौंपने को लेकर राष्ट्रपति जो.बाइडन का आभार जताया। पीएम ने कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए कहा कि सांस्कृतिक जुड़ाव को गहराते और सांस्कृतिक संपत्तियों की अवैध तस्करी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करते हुए। मैं, भारत को 297 बहुमूल्य कलाकृतियां लौटाने के लिए राष्ट्रपति जो.बाइडन और अमेरिका की सरकार का अत्यधिक आभारी हूं। उन्होंने कहा कि यह कलाकृतियां भारत की ऐतिहासिक संस्कृति का हिस्सा हैं। बल्कि उसकी सभ्यता और चेतना का आधार भी हैं। बीते समय में अमेरिका ने भारत की कई कलाकृतियां लौटाई हैं। इनमें 2016 के बाद इन्हें बड़ी संख्या में भारत को सौंपा गया है।

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

चीन की 'खूबसूरत गवर्नर' को 13 साल की सजा

# 58 सहकर्मियों से बनाए संबंध, करोड़ों की ली रिश्वत


**बीजिंग।** चीन की एक पूर्व ऑफिसर को हाल ही में अपने 58 सहकर्मियों के साथ फिजिकल रिलेशन रखने और घूस लेने के आरोप में सजा सुनाई गई है। दक्षिण-पश्चिम चीन में 'खूबसूरत गवर्नर' के नाम से फेमस पूर्व अधिकारी झोंग यांग को अपने अधीन 58 कर्मचारियों के साथ फिजिकल रिलेशन रखने और लगभग 60 मिलियन युआन रिश्वत लेने के लिए 13 साल जेल की सजा सुनाई गई है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार, 52 साल की पूर्व अधिकारी ने अप्रैल 2023 में अपनी बर्खास्तगी से पहले गुइझोउ प्रांत में दो स्वायत्त प्रान्त के गवर्नर और उप सचिव के रूप में कार्य किया था।



### अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर झोंग

अपनी खूबसूरती और अच्छे लुक के लिए मशहूर झोंग के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने कभी शादी नहीं की और न ही उनके कोई बच्चे ऐन। झोंग ज्यादातर अपने प्रेमियों के साथ समय बिताने और पैसे के लिए ओवरटाइम काम करना और बिजनेस ट्रिप जैसे बहाने देती थीं। झोंग ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उनके अधीनस्थ उनके द्वारा दिए गए लाभों के कारण उससे प्यार करते थे।

## शब्द पहेली - 5641



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5640 का हल



## सूडोकु नवताल - 5652

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5651 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

# लग्जरी कार कंपनियों को त्योहारी सत्र में अच्छी बिक्री की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में महंगी कारों की मांग में तेजी देखने को मिल रही है। ऐसे में लग्जरी कार विनिर्माता कंपनियां मर्सिडीज-बेंज, ऑडी और बीएमडब्ल्यू इस साल त्योहारी सत्र के दौरान अपनी बिक्री में मजबूत वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं।

- त्योहारी सीजन में कंपनियों की बिक्री दो अंक में रहती है

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने बातचीत में कहा कि इस साल लग्जरी कार खंड अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार है। इसमें त्योहारी सत्र की बिक्री महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## मर्सिडीज-बेंज, ऑडी और बीएमडब्ल्यू ने कसी कमर

### बाजार को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

देश में कुल यात्री वाहन बाजार में लग्जरी कार खंड का हिस्सा अब भी काफी कम है। अय्यर ने कहा कि इस वित्त वर्ष में यह खंड रिकॉर्ड बिक्री दर्ज करने की ओर अग्रसर है, लेकिन सभी कंपनियां वृद्धि नहीं देख रही हैं। अय्यर ने कहा, "कुछ (कंपनियां) की बिक्री वृद्धि कम रहेगी, और कुछ की स्थिर क्योंकि उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।



### बीएमडब्ल्यू का ऑर्डर बैंक मजबूत

ढिल्लों ने कहा, "बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के लिए ऑर्डर बैंक मजबूत है और हम अपने ग्राहकों के लिए डिलिवरी में तेजी लाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। दिवाली और दशहरा के आसपास अतिरिक्त बुकिंग के साथ, हमें इस साल का समापन प्रभावशाली वृद्धि के साथ होने की उम्मीद है।"

### ऑडी की क्यू8 की मांग मजबूत

ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि लग्जरी कार बाजार में जो सकारात्मक रुख दिखाई दे रहा है, वह त्योहारी सत्र में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा, "हमारे सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल ए6, क्यू3, क्यू3 स्पोर्टबैक, क्यू5, क्यू7 और हाल में पेश क्यू8 इस मजबूत मांग को आगे बढ़ाएंगे।"

### पिछली तिमाही में बाजार उबरा है

अय्यर ने कहा कि आमतौर पर त्योहारी सीजन में वाहन कंपनियों की बिक्री में बढ़ोतरी दो अंक में रहती है। ऐसे में उन्हें पिछली तिमाही की औसतन एक अंकीय बिक्री वृद्धि से उबरने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, "इस तरह औसतन हम त्योहारी सत्र में दो अंकीय वृद्धि प्राप्त करने में सक्षम हैं।"

### इस कार बाजार की हिस्सेदारी दो फीसदी से कम

चूंकि हम बाजार में मुख्य खिलाड़ी हैं, इसलिए हमें अब भी लगता है कि इस साल लग्जरी कार बाजार 50,000-51,000 इकाई के आंकड़े को पार कर जाना चाहिए। भारत में लग्जरी कार बाजार अब भी बहुत छोटा है। देश के कुल यात्री वाहन बाजार में इसकी हिस्सेदारी दो प्रतिशत से भी कम है।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सर्वाधिक लाभ में एचडीएफसी बैंक रही



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,97,734.77 करोड़ रुपये का उछाल आया। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,653.37 अंक या 1.99 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### एलएंडटी ने आईएफक्यूएम में हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग व निर्माण क्षेत्र की कंपनी एलएंडटी ने इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट के 1,25,00,000 शेयर खरीदे हैं। यह कंपनी में 12.25 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। कंपनी के अनुसार, यह अधिग्रहण उत्पाद व सेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के जरिये ब्रांड इंडिया को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने की एलएंडटी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

### अधिक जहाज खरीदने से निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी



**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल सीआईआई की राष्ट्रीय निर्यात आयात समिति के चेयरमैन संजय बुधिया ने कहा कि कुछ बंदरगाह शुल्कों में कटौती और शिपिंग कॉरपोरेशन के अतिरिक्त कंटेनर जहाज खरीदने जैसे कदमों से निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में मदद मिलेगी। इन पहलों से निर्यात परिचालन को आसान बनाकर भारतीय उद्योग को काफी लाभ होगा।

### बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन में रही गिरावट




**नई दिल्ली।** देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह ऊंचे भाव पर कम कारोबार के बीच मूंगफली तेल-डी-आयल्ड केक की कमजोर मांग के चलते सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। कम आपूर्ति की स्थिति के बीच सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के भाव सुधार दर्शाते बंद हुए।

### अदाणी टोटल ने विस्तार के लिए जुटाए 37.5 करोड़ डॉलर



**नई दिल्ली।** अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने अपने कारोबार के विस्तार के लिए वैश्विक कर्जदाताओं से 37.5 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं के साथ निष्पादित 37.5 करोड़ डॉलर के पहले वित्तपोषण में प्रतिबद्धताओं को बढ़ाने के लिए ऋणसुविधा के साथ 31.5 करोड़ डॉलर की प्रारंभिक प्रतिबद्धता शामिल है।

### एनपीएस वात्सल्य में पहले दिन जुड़े 9700 नाबालिग अंशधारक



**नई दिल्ली।** एनपीएस वात्सल्य के तहत योजना की शुरुआत के पहले दिन लगभग 9,700 नाबालिग अंशधारक इससे जुड़े। योजना की शुरुआत इसी सप्ताह हुई है। पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा विनियमित यह योजना माता-पिता और अभिभावकों को ब्याज पर ब्याज की शक्ति का उपयोग करके अपने बच्चों की सेवानिवृत्ति के लिए, जल्दी बचत शुरू करने का अवसर प्रदान करती है। यह भारत के उभरते पेंशन परिदृश्य में मील का पत्थर है।

## भारतीय दूरसंचार परिचालक द्वारा दिया गया सबसे बड़ा सौदा

# वोडाफोन आइडिया ने की 30,000 करोड़ की डील नोकिया-एरिक्सन और सैमसंग से मिलाया हाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*कर्ज के बोझ से दबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने 4जी और 5जी नेटवर्क उपकरणों की आपूर्ति के लिए नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग को 30,000 करोड़ रुपये का अनुबंध दिया है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह अनुबंध तीन साल के लिए है।*

यह इस साल किसी भी भारतीय दूरसंचार परिचालक द्वारा दिया गया सबसे बड़ा सौदा है। कंपनी ने इससे पहले तीन साल में 6.6 अरब डॉलर या 55,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की घोषणा की थी। यह सौदा इस दिशा में पहला कदम है।

### 3.6 अरब डॉलर का बड़ा सौदा

कंपनी ने बयान में कहा, "वोडाफोन आइडिया ने नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग के साथ तीन साल की अवधि में नेटवर्क उपकरणों की आपूर्ति के लिए करीब 3.6 अरब डॉलर (करीब 30,000 करोड़ रुपये) का एक बड़ा सौदा किया है।"

### 5जी सेवा होगी जल्द शुरू

बयान में कहा गया है कि इस पूंजीगत व्यय कार्यक्रम का लक्ष्य 4जी आबादी के दायरे को 1.03 अरब से बढ़ाकर 1.2 अरब करना, प्रमुख बाजारों में 5जी सेवा शुरू करना और डेटा की वृद्धि के अनुरूप क्षमता का विस्तार करना है। इन नए दीर्घकालिक ठेकों के तहत आपूर्ति आगामी तिमाही में शुरू होगी।

- कंपनी ने 4जी और 4जी उपकरणों का दिया ठेका
- यह अनुबंध तीन साल के लिए किया गया
- पहले तीन साल में 55,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय की घोषणा




### 2018 में सबसे बड़ी दूरसंचार परिचालक थी

वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) अगस्त 2018 में वोडाफोन इंडिया और आइडिया सेल्युलर के विलय से बनी थी। उस समय इसका ग्राहक आधार 40.8 करोड़ था और यह सबसे बड़ी दूरसंचार परिचालक थी। दूरसंचार नियामक ट्राई के आंकड़ों के अनुसार वीआईएल के पास अब 21.5 करोड़ मोबाइल सेवा ग्राहक रह गए हैं।

### नौकिया व एरिक्सन शुरुआत से रहे हैं साझेदार

नोकिया और एरिक्सन शुरुआत से ही हमारे साझेदार रहे हैं और यह उस निरंतर साझेदारी में एक और मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, "सैमसंग के साथ अपनी नई साझेदारी शुरू करके हमें खुशी हो रही है। हम 5जी युग में आगे बढ़ने के साथ अपने सभी भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।"

### कंपनी ने हाल में 24 हजार करोड़ जुटाए थे

कंपनी ने हाल ही में इक्विटी बिक्री के माध्यम से 24,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। वीआईएल ने कहा कि उसने एक स्वतंत्र तीसरे पक्ष द्वारा कंपनी के दीर्घकालिक व्यावसायिक अनुमानों का तकनीकी आर्थिक मूल्यांकन पूरा कर लिया है। रिपोर्ट सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों को सौंप दी गई है, जिसके आधार पर बैंक अब अपने आंतरिक मूल्यांकन और अनुमोदन प्रक्रियाओं के साथ आगे बढ़ेंगे।

### 1.4 अरब भारतीयों तक 4जी सेवा का विस्तार

बयान में कहा गया है कि 1.2 अरब भारतीयों तक 4जी सेवा (कवरेज) का विस्तार कंपनी की शीर्ष प्राथमिकता है। वीआईएल के सीईओ अक्षय मूंदड़ा ने कहा कि कंपनी में निवेश चक्र शुरू कर दिया है और यह एक नए दौर की शुरुआत है। उन्होंने कहा, इसके बाद से वीआईएल उद्योग के वृद्धि अवसरों में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए एक कुशल बदलाव करेगा।

# बालको मेडिकल सेंटर ने विश्व स्तरीय कैंसर उपचार से क्षेत्र को बनाया सशक्त




**रायपुर।** वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित बालको मेडिकल सेंटर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का दूसरा संस्करण आज समाप्त हो गया। 20 से 22 सितम्बर तक आयोजित कॉन्क्लेव में कैंसर उपचार के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए कैंसर क्षेत्र के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल हुए जिसमें लंदन, कनाडा, न्यूजीलैंड, इजरायल, अमेरिका और स्पेन के ख्याति प्राप्त संकाय सदस्य के साथ भारत के शीर्ष कैंसर संस्थानों के प्रमुख विशेषज्ञ मौजूद थे। कॉन्क्लेव ने ज्ञान साझा करने, विचार-मंथन और नेटवर्किंग के लिए एक मंच प्रदान किया।

कॉन्क्लेव का थीम 'कॉमन सेंस ऑन्कोलॉजी (सीएसओ) फॉर आउटकम्स दैट मैटर' विषय पर केंद्रित था। यह वैश्विक ऑन्कोलॉजी समुदाय में एक बढ़ता हुआ अभियान है जो कैंसर की देखभाल के लिए व्यावहारिक और रोगी-केंद्रित है। इसका उद्देश्य निम्न-मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) में सस्ती और बेहतर कैंसर देखभाल तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करना है। कॉन्क्लेव में ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) के साथ एक लाइव सर्जरी किया गया। इसके साथ कैंसर उपचार में महत्वपूर्ण कौशल को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने वाली 10 कार्यशालाएं भी शामिल थीं। कॉन्क्लेव पर वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने बालको मेडिकल सेंटर के लिए अपना विचार साझा किया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य कैंसर की देखभाल के लिए पूर्णरूप से रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए इसके उपचार मानक को बढ़ाना है। यह कॉन्क्लेव रोगियों के लिए बेहतर उपचार प्राप्त करने के लिए सामूहिकता की शक्ति में हमारे विश्वास को दर्शाता है।

*ऑन्कोलॉजी पर हो पुनर्विचार : ईकैंसर के मुख्य संपादक और यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो कैंसर सेंटर में ग्लोबल ऑन्कोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. एनरिक सोटो ने रोगी के दृष्टिकोण से ऑन्कोलॉजी पर पुनर्विचार करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक हितों पर ध्यान केंद्रित करना है इसके साथ ही स्पष्ट संचार की कमी रोगी और चिकित्सक दोनों के लिए उपचार संबंधी निर्णय लेने में बाधा बन रही है।*

# कलिंगनगर संयंत्र में देश का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस चालू

- 10 वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



टाटा स्टील ने अपने कलिंगनगर संयंत्र में भारत के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस को चालू किया जो संयंत्र की उत्पादन क्षमता को 30 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 80 लाख टन प्रति वर्ष करने में मदद करेगा। ब्लास्ट फर्नेस एक एकीकृत इस्पात विनिर्माण संयंत्र का प्रमुख घटक होता है जो 1500 सेल्सियस तक के तापमान पर भी गर्म धातु का उत्पादन करने के लिए जरूरी है। टाटा स्टील ने नवंबर, 2018 में ओडिशा में अपनी कलिंगनगर परियोजना के विस्तार के लिए 27,000 करोड़ रुपये के दूसरे चरण की शुरुआत की थी।

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि टाटा स्टील ने शुक्रवार को कलिंगनगर में भारत के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस को सफलतापूर्वक चालू किया। कंपनी ने कहा कि ओडिशा बीते 10 वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ भारत में टाटा स्टील का सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन गया है।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 689 अरब डॉलर के करीब

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। इससे पहले छह सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.248 अरब डॉलर बढ़कर 689.235 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह



में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 51.5 करोड़ डॉलर घटकर 603.63 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 89.9 करोड़ डॉलरबढ़कर 62.89 अरब डॉलर हो गया।

# पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ पर पीएमकेके रायपुर का केंद्र शामिल



**रायपुर।** भारत सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना पीएम विश्वकर्मा की प्रथम वर्षगाँठ, 20 सितंबर' 2024, के अवसर पर महात्मा गाँधी और विनोबा भावे की धरती वर्धा (महाराष्ट्र) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत के विभिन्न राज्यों से ऑडियो-विजुअल डबल-कॉम्युनिकेशन कनेक्टिविटी के माध्यम से कुल पचास केन्द्रों को इस आयोजन के साथ जोड़ा गया था। इन पचास केन्द्रों में छत्तीसगढ़ राज्य से एकमेव केन्द्र आईसेक्ट संस्था द्वारा स्थापित तथा संचालित रायपुर जिले का प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र (पीएमकेके) रहा।

रायपुर का कार्यक्रम स्थानीय न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन्स, में सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, रजत कुमार, सेक्रेटरी, वाणिज्य एवं उद्योग (छग), ज्योति गुगेल, सहा. सीईओ, सीएसएसडीए तथा जीसी डेका, क्षेत्रीय अधीक्षक, आरडीएसडीई (छग) थे। सांसद अग्रवाल ने इस योजना की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए इसकी एक वर्ष की उपलब्धियों की चर्चा की। श्री अग्रवाल ने कहा कि देश में अबतक मात्र एक वर्ष में विभिन्न व्यवसाय-क्षेत्रों के कुल बीस लाख विश्वकर्मा पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से आठ लाख विश्वकर्माओं ने बेसिक प्रशिक्षण ले लिया है।

# निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



घरेलू मोर्चे पर किसी प्रमुख घटनाक्रम के अभाव में इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

- वैश्विक रुख व एफपीआई की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

उन्होंने कहा कि मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से इस सप्ताह बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती का उभरते बाजारों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और भारत वैश्विक निवेशकों के बीच पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरा है। मीणा ने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने आक्रामक लिवाली की। अकेले शुक्रवार को ही एफआईआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 14,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया। उन्होंने कहा, "इस सप्ताह बाजार को दिशा देने वाला कोई बड़ा संकेतक नहीं है। हालांकि, अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़े बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। एफआईआई प्रवाह भारतीय शेयर बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण कारक बना रहेगा, साथ ही घरेलू संस्थागत प्रवाह पर भी सभी की निगाह रहेगी।"

मीणा ने कहा, " हालांकि, बाजार फिलहाल भू-राजनीतिक जोखिमों से प्रभावित नहीं दिख रहा है, लेकिन यह आगे बाजार के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकता है। डेरिवेटिव निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।"

### बीएसई उच्चतम स्तर पर

गत शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,359.51 अंक या 1.63 प्रतिशत के उछाल के साथ 84,544.31 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 1,509.66 अंक या 1.81 प्रतिशत चढ़कर 84,694.46 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

# अनिल अंबानी के रिलायंस समूह ने बदलाव की यात्रा शुरू की

- हाल के वर्षों में प्रमख फर्मों को कर्ज में डूबते देखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनिल अंबानी के रिलायंस समूह ने हाल के वर्षों में अपनी प्रमुख फर्मों को दिवाला कार्यवाही में नीलाम होते और कर्ज में डूबते हुए देखा है, लेकिन समूह ने पिछले सप्ताह ऐसी घोषणाएं की हैं, जिन्हें निवेशक बदलाव के संकेत मान रहे हैं। समूह ने 18 सितंबर से 20 सितंबर तक तीन दिनों में घोषणा की कि वह लंबी अवधि के फंड जुटाने की योजनाओं को लागू कर रहा है। इससे




समूह की वित्तीय स्थिति मजबूत हो सकती है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड ने तरजीही निर्गम और क्यूआईपी के जरिए 6,000 करोड़ रुपये तक के फंड जुटाने को मंजूरी दी। दूसरी ओर रिलायंस पावर का बोर्ड कई तरीकों से फंड जुटाने पर विचार करने और उसे मंजूरी देने के लिए 23 सितंबर को बैठक कर रहा है। जिस गति से अनिल अंबानी ने अपनी कंपनियों के कर्ज को चुकाने के लिए कदम उठाया, और साथ ही अपनी कंपनियों के भविष्य के विस्तार के लिए फंड जुटाने की योजनाओं की घोषणा की और उन्हें लागू किया, उसने निवेशकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। शेयर बाजारों में दोनों फर्मों के शेयरों में उछाल आया।

## लोकल सर्किल्स के सर्वे में निकाला गया निष्कर्ष

# यूपीआई पर लगी फीस तो शुरू होगा कैश का इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपीआई सेवा पर यदि किसी तरह का लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो 75 प्रतिशत उपयोगकर्ता इसका इस्तेमाल बंद कर देंगे। 'लोकलसर्किल्स' के रविवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष निकाला गया है।

सर्वेक्षण के अनुसार, 38 प्रतिशत उपयोगकर्ता अपना 50 प्रतिशत भुगतान लेनदेन डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या किसी अन्य प्रकार के डिजिटल माध्यम के बजाय यूपीआई के जरिये करते हैं। सर्वे कहता है कि सिर्फ 22 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान पर लेनदेन शुल्क का बोझ उठाने को तैयार हैं।

### 75 फीसदी उपयोगकर्ता बंद कर देंगे इस्तेमाल







### लेन-देन के मामले में 57 फीसदी की वृद्धि

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 2023-24 में इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लेन-देन की मात्रा में रिकॉर्ड 57 प्रतिशत और मूल्य में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। पहली बार किसी वित्त वर्ष में यूपीआई लेन-देन 100 अरब को पार कर गया है। यह 2023-24 में 131 अरब रहा, जबकि 2022-23 में यह 84 अरब था।

### लेन-देन शुल्क लगा तो यूपीआई का उपयोग होगा बंद

वहीं 75 प्रतिशत लोगों ने कहा कि अगर लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो वे यूपीआई का उपयोग करना बंद कर देंगे। यह सर्वे तीन व्यापक क्षेत्रों पर किया गया है। इसमें 308 जिलों से 42,000 प्रतिक्रियाएं मिली हैं। हालांकि प्रत्येक प्रत्येक प्रश्न पर उत्तरों की संख्या अलग-अलग थी। यूपीआई पर लेनदेन शुल्क से संबंधित प्रश्न को लेकर 15,598 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं।

*मूल्य के लिहाज से बढ़कर 1,99,890 अरब रुपए : रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल्य के लिहाज से यह 1,39,100 अरब रुपये से बढ़कर 1,99,890 अरब रुपये पर पहुंच गया है। सर्वे के अनुसार, 37 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने मूल्य के लिहाज से अपने कुल भुगतान के 50 प्रतिशत से अधिक के लिए यूपीआई लेन-देन खातों को साझा किया।*

*दस में से चार उपभोक्ता इसका इस्तेमाल कर रहे : सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है, यूपीआई दस लोगों में से 10 में से चार उपभोक्ताओं के भुगतान का अभिन्न अंग बन रहा है। इसलिए किसी भी तरह का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लेनदेन शुल्क लगाए जाने का कड़ा विरोध हो रहा है।" लोकलसर्किल्स इस सर्वेक्षण के निष्कर्षों को वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ आगे बढ़ाएगा।*

# 'बंगाल की बाढ़ मैन मेड, पानी छोड़ने से पहले सलाह नहीं ली'

## ममता की 2 दिन में पीएम को दूसरी चिट्ठी लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में आई बाढ़ पर पीएम मोदी को एक और लेटर लिखा है। 2 दिन के अंदर लिखी दूसरी चिट्ठी में ममता ने आरोप लगाया कि दामोदर घाटी निगम ने उनसे सलाह लिए बिना पानी छोड़ा, जिससे बंगाल के जिले डूब गए। इससे पहले ममता ने 20 सितंबर को भी पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि दामोदर घाटी निगम के तहत आने वाले बांधों से 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण बंगाल में बाढ़ आई। इधर, बंगाल सरकार और केंद्र के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच राज्य के बिजली सचिव शांतनु बसु ने बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। बसु के अलावा बंगाल के सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर ने भी रेगुलेशन कमेटी से इस्तीफा दे दिया है।

# इजराइल ने 400 लॉन्चर्स उड़ाए तो 100 रॉकेट्स के साथ हिजबुल्लाह ने किया पलटवार

एजेंसी ▶▶| जेरुसलम

**दहल उठा ईसा मसीह का शहर**



रविवार की सुबह लेबनान से हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल के हाइफा क्षेत्र में करीब 100 रॉकेट दागे हैं, इससे पहले जेज्रेल घाटी में भी रात भर रॉकेट दागे गए थे, जो अक्टूबर में युद्ध की शुरुआत के बाद से आतंकवादी समूह की तरफ से इजराइल में सबसे बड़ा हमला है। हालांकि, हिजबुल्लाह के हमले में इजराइल को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। लेकिन सुबह के समय अचानक सायरन बजने से एक किशोर की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, रॉकेट की चपेट में आने से तीन लोगों के घायल होने की रिपोर्ट इजराइली मीडिया ने दी है। इजराइली सेना ने कहा है, कि हाइफा की तरफ से दागे गए कुछ रॉकेटों को रोक दिया गया, जबकि अन्य उत्तरी तटीय शहर के उपनगर किरयात बिआलिक में गिरे, जिससे तीन लोग घायल हो गए।

# बिहार में बाढ़ से हाहाकार

# 12 जिले डूबे, रेल ट्रैक तक पहुंचा पानी, कई ट्रेनें रद्द



एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में बाढ़ का संकट गहरा गया है। बाढ़ की वजह से राज्य में 12 जिलों के करीब 12.67 लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। रविवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि राज्य में बाढ़ की स्थिति गंभीर है। हालांकि राज्य में कुछ स्थानों पर जल स्तर में कमी आ रही है। पटना और इसके आसपास के इलाकों में गंगा नदी का जलस्तर घटने लगा है, वहीं अन्य जिलों में कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी का असर निचले इलाकों पर पड़ रहा है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि, "गंगा के किनारे के बारह जिले बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहे हैं और निचले इलाकों में रहने वाले लगभग 12.67 लाख लोग बढ़ते जल स्तर से प्रभावित हुए हैं।'

**12 जिले बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित**

इन जिलों की कुल 361 पंचायतें प्रभावित हुई हैं। जिला प्रशासन द्वारा बचाव और राहत कार्यों में लगभग 1,400 नावों का उपयोग किया जा रहा है। सरकार 12 जिलों में आठ राहत शिविर चला रही है जिसमें बड़ी संख्या में निचले इलाकों के लोग हैं। दूसरे निचले इलाकों को खाली करा लिया गया है और लोगों को राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है।

**बाढ़ से हाहाकार :** बिहार में बाढ़ की वजह से जो जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं उनमें बक्सर, भोजपुर, सारण, वैशाली, पटना, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार है। इसी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को हाजीपुर में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए शुरू किए गए एक राहत शिविर का दौरा किया था और अधिकारियों को सहायता और राहत प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का निर्देश दिया था।

**कई ट्रेनें की गईं रद्द**

इस बीच, रविवार को भागलपुर जिले में बाढ़ के पानी ने एक पुल के गार्डर को छू लिया जिसके बाद कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया और कई का मार्ग बदल दिया गया। पूर्व मध्य रेलवे ने एक बयान में कहा कि बाढ़ के पानी ने सुल्तानगंज और रतनपुर स्टेशनों के बीच पुल संख्या 195 के गार्डर को छू लिया जिसके कारण कई ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। जमालपुर-भागलपुर डिवीजन से गुजरने वाली अन्य ट्रेनों के मार्ग बदल दिए गए हैं। इसके अलावा, जमालपुर-भागलपुर डिवीजन में कुछ स्थानों पर कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। रद्द की गई ट्रेनों में पटना-दुमका एक्सप्रेस, सरायगढ़ देवघर स्पेशल, जमालपुर-किउल मेमू स्पेशल और भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस शामिल है। जिन ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है उसमें अजमेर-भागलपुर एक्सप्रेस, विक्रमशिला एक्सप्रेस, हावड़ा-गया एक्सप्रेस, सूरत-भागलपुर एसएफ एक्सप्रेस, आनंद विहार-मालदा टाउन एक्सप्रेस और ब्रह्मपुत्र मेल शामिल थीं।

# रेलवे में 10वीं पास के लिए 5000 से अधिक वैकेंसी

एजेंसी ▶▶| पटना

**■ बिना परीक्षा ऐसे होगा चयन**

रेलवे भर्ती की तैयारी कर रहे युवा उम्मीदवारों के लिए खुशखबरी है। रेलवे रिक्रूटमेंट सेल (आरपीसी), वेस्टर्न रेलवे (डब्लूआर) ने 10वीं पास उम्मीदवारों के लिए अप्रेंटिस पदों पर 5000 वैकेंसी निकाली है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आरआरसी वेस्टर्न रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट rrc-wr.com पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। आरआरसी वेस्टर्न रेलवे अप्रेंटिस भर्ती 2024 की ऑनलाइन आवदेन प्रक्रिया 23 सितंबर से शुरू होगी और 22 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। इस भर्ती अभियान के माध्यम से अप्रेंटिस पदों पर कुल 5066 खाली पद भरे जाएंगे। मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या 10वीं पास उम्मीदवार जिन्होंने 10+2 एजुकेशन सिस्टम से परीक्षा पास हो, वे आवेदन कर सकते हैं। ध्यान रहे 10वीं क्लास में कम से कम 50% एग्रीग्रेट मार्क्स होने चाहिए. वहीं उम्मीदवारों की आयु सीमा कम से कम 15 वर्ष और अधिकतम 24 वर्ष तक ही होनी चाहिए. अधिसूचना तिथि तक एसएससी/आईटीआई परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे लोग आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

# नेपाल में भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से गैंगरेप

**■ 4 भारतीय समेत 2 नेपाली गिरफ्तार**

**काठमांडू।** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले की उभरती हुई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से नेपाल के एक होटल में गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस को दी गई तहरीर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने आरोप लगाया है कि महाराजगंज जिले के तीन, गोरखपुर जिले का एक और नेपाल के दो युवकों ने होटल में न सिर्फ उसके साथ मारपीट की बल्कि उसके साथ गैंगरेप भी किया। जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युवती नेपाल घूमने गई थी। इस दौरान वह भैरहवा के क्लब और कसीनो में घूमती रही। इसके बाद वह होटल में गई, जहां उसके साथ 4 भारतीय गए थे। बताया जा रहा है कि 4 भारतीय और होटल में मौजूद 2 नेपाली युवकों ने उसके साथ जबरदस्ती करना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई।

## भगवान राम की जन्मस्थली को मां सीता की जन्मस्थली से जोडा जाए

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बिहार स्थित मां सीता की जन्मस्थली के सर्वांगीण विकास को अब योजना में शामिल करने का आग्रह किया है। बिहार के सीतामढी में भगवान की राम की पत्नी सीता माता की जन्मस्थली है। उन्हीं के नाम पर समूचे क्षेत्र का नाम सीतामढी का नाम दिया गया है। सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अयोध्या में भगवान राम का विश्व प्रसिद्ध मंदिर तैयार कराने में योगदान के लिए एकबार फिर मुबारकवाद प्रेषित करते हुए लिखा कि अब समय आ गया है जब अयोध्या में राम मंदिर की तर्ज पर सीता मैया के मंदिर का निर्माण सीतामढी के पुनौरा धाम में केंद्र सरकार के सहयोग से कराया जाए। पुनौराधाम में पहले से सीता माता का मंदिर स्थापित है अब उसके चारों तरफ 50 एकड जमीन का अधिग्रहण कर विशाल मंदिर प्रांगण और अन्य विकास के कार्य को मूर्त रूप देने की योजना पर काम चल रहा है।

## बाजार से गायब होते छोटे नोटों पर कांग्रेस ने जतायी चिंता, गरीबों को हो रही है परेशानी

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने बाजार से 10, 20 और 50 के नोट गायब होने और कथित रूप से रिजर्व बैंक से छोटी करेंसी कम छपायी होने का मामला केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के समक्ष उठाकर चिंता व्यक्त की है। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के सांसद मणिक्कम टैगोर ने ये भी सवाल उठाया कि कहीं बाजार में केवल डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से तो छोटे नोटों की छपाई को कम कर दिया है? उन्होंने इस माना है कि देश में डिजिटल ट्रांजैक्शंस तेजी से बढ़ रहा है और लोगों में कैश जेब में रखकर चलने की आदत लगभग खत्म सी हो गई है। इसका असर बाजार में करेंसी नोटों की मौजूदगी पर भी पड़ा है। मगर, केंद्र सरकार को उन गरीबों के बारे में भी सोचना चाहिए जिनके पास डिजिटल ट्रांजेक्शन का एक्सेस नहीं है।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- शंकर फर्नीचर पंडरी रायपुर में काम करने वाले लड़कों की एवं सेल्समैन चाहिए। पता- शंकर फर्नीचर नियर नकोड़ा ज्वैलर्स पंडरी रायपुर मोबाइल- 9301645760, 9827136116. मिलने का समय सुबह 11:00 से 7:00 तक (RO-6493)

आवश्यकता है- थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658. (RO-1644)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- रायपुर में, मार्केटिंग कार्य करने के लिए लडकियों की आवश्यकता है, सैलरी-10,000/- से 20,000 योग्यतानुसार, संपर्क करें:- 8962274079. पता आमापारा चौक रायुपर (RO-6497)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230. (Ro- 6494)

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु उम्मीदवार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित संपर्क करें- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मो.- 94255- 16644.(RO-645)

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला के लिए पूर्ण कालिक 35 वर्ष तक की जिम्मेदारी मुक्त सेवाभावी सेविका चाहिए वेतन आपसी सहमति से/ रहना खाना फ्री उच्च जाति को प्राथमिकता अनुबंध आवश्यक होगा। मोबाइल 9425518442. केवल 8 से 10 शाम (RO-6479)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए एंव बुजुर्ग महिला की सेवा के लिए एक महिला कामवाली की, 24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा फ्री जल्दी संपर्क करें - रायपुर (फोन करें केवल शाम 8 से 10 तक ) मों. - 9425518442.(RO-6492)

**सेल्सऑफिसर/मैनेजर**

आवश्यकता है- मध्य भारत इस्पात प्रा. लिमि. JSW ONE TMT सरिया के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर को एरिया सेल्स ऑफिसर एव बिजनेस मैनेजर चाहिए। स्थान जगदलपुर, कांकेर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा। सभी दस्तावेजो सहित साक्षात्कार 24 सितंबर 2024 को 509, Orange Hives, मोवा रायपुर, दोपहर 12 बजे पहुचे। अपना सीवी mbispat2020@gmail.com प्रति भेजे (RO-620)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**सिविल इंजीनियर**

Requirment- WANTED A CIVIL ENGINEER FOR ROAD CONSTRUCTION WORK (WITH MINIMUM 5 YEARS EXPERIENCE) AND A ACCOUNTANT FOR RAIPUR OFFICE WORK. Contact Mo. 9201011541.(RO-3003)

**फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम, वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास ITI पास फ्रेशर या अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था सैलरी पांच अंको में। संपर्क:- यश. एल. ई. डी. टेक्नोलॉजी कचना रायपुर 7773009704.(RO-6488)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर शहर के भीतर ड्राइवर चाहिए जो ड्राइवरी सहित अन्य कार्य भी कर सके वेतन 12000/- प्रतिमाह लाइसेंस के साथ 1 दो हेल्परों की भी आवश्यकता हैं वेतन 9000/- प्रति माह संपर्क:- 99267-53341.(RO-2984)

**सेल्स/ड्रायवर**

आवश्यकता है- The Craft Story में (1) सेल्स स्टाफ -2 (पुरुष/महिला), (2) समान पैकिंग स्टाफ - 5 (पुरुष/महिला), (3) कार ड्राइवर -1 संपर्क करें: सेकेण्ड फ्लोर, पुमा/रेमण्ड स्टोर के ऊपर, तेलीबांधा चौक, रिंग रोड नंबर 1, रायपुर मोबाइल- 7748853047, 9343643284.(RO-647)

**मास्टर टेलर**

आवश्यकता है- कृतिका मोदी डिजाइन स्टूडियो बिलासपुर में एक कटिंग सिलाई मास्टर टेलर की आवश्यकता है रहने हेतु कमरा, बर्तन, गैस चूल्हा, बेड की सुविधा सम्पर्क करें- विद्या नगर बिलासपुर 8602048444, 7042954524.(RO-35434)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**टीचर**

आवश्यकता है- इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल की कक्षाओं हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। योग्यता:-12वीं कक्षा , साथ ही आया बाई की भी आवश्यकता है। पता:- ओशो पब्लिक स्कूल सरकारी अस्पताल के पास रास्ता सुपेला, भिलाई मो.-99077-58167.(आरो न.-590)

**एम आर**

URGENTLY REQUIRED- *Experienced MR* *HQ*- RAIPUR *COMPANY* - MANIBRO HEALTH CARE PVT.LTD. (Main Division). *QUALIFICATION*- ANY GRADUATE SALARY- Best in the Industry and Incentive. Minimum 1 years of experience in the same HQ, Raipur And Along with Peripheri exposer is also required. WhatsApp no Contact- 9438186844 diptimanibrohealthcare@gmail.com'(RO-1768)

**रसोइये**

आवश्यकता है- रायपुर (छत्तीसगढ़) में क्लाउड किचन में आंध्रा के तेलुगु टिफ़नि के व्यंजन बनाने के लिए एक कुशल अनुभवी रसोइये की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार. संपर्क करें - 9425203443 (RO-24834)

**वेल्डर/फिटर**

आवश्यकता है- रायगढ़, भिलाई, रायपुर, बलौदा बाजार, कोरबा, चांपा पावर प्लांट इंजीनियर सिविल, पॉलिटेकनिक कोपा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस कार्य इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाइजर, वेल्डर कटर फिटर गार्ड चपरासी, ड्राइवर, स्टोर कीपर, ऑफिसर, (रहना खाना+ मेडिकल फ्री) सम्पर्क- बिलासपुर 8962527013.(RO-35460)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- आयुष्मान हॉस्पिटल साई मंदिर कुर्रा (नवापारा राजिम ) मे 15 नर्सिंग स्टॉफ (ANM, GNM, BSC Nursing, MPW) 05 OT टेक्नीशियन, 05 रिसेप्शन / OPD स्टाफ नोट:- अनुभवी अभ्यर्थी को पहले प्राथमिकता दी जाएगी आयुष्मान हॉस्पिटल साईं मंदिर कुरा में इंटरव्यू (साक्षात्कार) दिनांक 25/9/2024 को सुबह 12 से 3 बजे तक रखा गया है जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ अपनी उपस्थिति देवे मो. 9109154278 (RO-6499)

**फिटिंग/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- CCTV CAMERA इंस्टॉलेशन एवं फिटिंग और टैली ऑपरेटर हेतु युवक की वेतन 8000-15000.( ग्रामीण क्षेत्र को प्राथमिकता और रहनें की सुविधा) संपर्क करे - SAHU CCTV CAMERA मो- 9302933334, 9826733334.( Experience & Fresher can be apply) (RO-3740)

**गार्ड**

आवश्यकता है- गार्ड चाहिए। चैन गर्ल्स हॉस्टल, लक्ष्मी नगर रायपुर के लिए शाकाहारी सनातनी पूजा पाठ प्रेमी सकल व्यक्ति एकल व्यक्ति की आवश्यकता है। ब्राह्मण को प्राथमिकता। रहने खाने की सुविधा। संपर्क सूत्र:- 8959906595.(RO-7363)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- इन्दौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए जो बाहर रहकर कार्य कर सके। वेतन 10000+ कमीशन + बोनस सहित 20000 रहना, खाना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं। सम्पर्क- 7224807472, 7611101133(RO-34471)

सब कुछ है यहां
हरिभूमि क्लासीफाईड

**अन्य**

आवश्यकता है- Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7003467406.(RO-470)

आवश्यकता है- भारत की नंबर - 1 RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS JOB) करके लड़के लड़कियां , गृहणियां , रिटायर्डपर्सन ,घरबैठे कमाए (21500 - 48500) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp / Call करें:- 8391958072.(RO-471)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, (*एक साल में*) M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.-9826196515, 9826896515 नोट :- *एडमिशन हेतु फ्रेंचाइजी सेंटर & एजेंन्ट आमंत्रित* (आरो नं -6381)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - वेदान्ता कॉलोनी कान्दुल रोड में 5000 वर्ग फीट कॉर्नर प्लांट 100 x 50 डायवर्टेड (परिवर्तित भूमि) बेचना है कालीबाड़ी रायपुर से प्लांट की दूरी 3 किलोमीटर पर है। संपर्क करें- 9755607666.(RO-6498)

प्लॉट बेचना है - 5 एकड़ प्लाट बेचना है- नेशनल हाईवे से इंट्री, स्थान घोर तालाब, (सड़क चिरचारी), फ्रंट में 5 एकड़ का प्लाट बेचना है। इक्छुक पार्टी संपर्क करे- 92292-00009, 90090-70000.(RO-646)

**भूमि**

बेचना है - 5.42 एकड़ सिंचित भूमि डंगनिया अर्जुंदा डामर रोड पर। धान, गन्ना खेती, पोल्ट्री फार्म एवं राइस मिल हेतु अति उत्तम। संपर्क, 9752408700.(आरो न.-591)

**Home Buildup भवन निर्माण**

भवन निमार्ण- विभा कंस्ट्रक्शन कुशल इंजीनियर एवं वास्तु अनुरूप गृह निर्माण किया जाता हैं। 799 रूपये प्रति वर्गफीट से, सम्पर्क करें- 9407764797, 9301433491.(RO-6953)

**For Rent किराया**

किराये से चाहिए- स्वतंत्र बांग्ला /हाउस Fully Furnished रेंट पर चाहिए जो प्रियदर्शनी परिसर, नेहरूनगर या स्मृति नगर के आस पास हो ,इच्छुक व्यक्ति इस नंबर पर संपर्क करें मोबाइल No.-98267-08233. (आरो.-SP/893)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज पैसा ठीक होने के बाद



❖ गुप्त रोग, नामर्दी
❖ लिंग में छोटापन।
❖ शीघ्र पतन
❖ पेशाब से धातू जाना।
❖ लिंग में ढीलापन,
❖ शुक्राणु की कमी।
❖ शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
❖ जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
❖ चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
9753901137
पारख कॉम्लेक्स, शॉप नं.-16, ग्रीन चौक दुर्ग

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# भारत ने बांग्लादेश को 280 रन से रौंदा अश्विन ने 37वीं बार झटके पांच विकेट

## टेस्ट : भारतीय टीम ने दो मैचों की श्रृंखला में बनाई 1-0 की अजेय बढ़त

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में 280 रन से बड़ी जीत दर्ज की है। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली है। अश्विन ने 88 रन देकर छह विकेट लिए। भारत ने चेन्नई के एमएम चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश के सामने जीत के लिए 515 रनों का टारगेट रखा था। पहली पारी में भारत ने 376 रन बनाए थे। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 149 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी को भारत ने 287 रन पर घोषित कर दिया था। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 234 रन बना सकी। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा।

भारतीय टीम की जीत के हीरो लोकल बॉय आर अश्विन रहे, जिन्होंने इस मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन किया। 38 साल के अश्विन 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए। अश्विन ने दूसरी पारी में 88 रन देकर छह विकेट लिए। इससे पहले उन्होंने भारत की पहली पारी में शानदार 113 रन बनाकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया था। अश्विन का वो छठा टेस्ट शतक रहा। देखा जाए तो अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 37वीं बार पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। ऐसे में अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार पांच विकेट हॉल लेने के मामले में शेन वॉर्न की बराबरी कर ली है। इस मामले में अश्विन से आगे सिर्फ मुथैया मुरलीधरन हैं, जिन्होंने 67 बार ये कारनामा किया था।



### अश्विन ने वॉल्श को छोड़ा पीछे

अश्विन ने इस मैच में एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। वह टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में अब आठवें नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श को पीछे छोड़ दिया। वॉल्श के टेस्ट में कुल 519 विकेट हैं। अश्विन ने दूसरी पारी में जैसे ही शाकिब अल हसन को आउट किया वह वॉल्श से आगे निकल गए।

### भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने रविवार को यहां शुरुआती टेस्ट में बांग्लादेश को 280 रन से हराने वाली भारतीय टीम को कानपुर में होने वाले दूसरे और अंतिम मैच के लिए बरकरार रखा है। टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश दूसरी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जाकिर का जायसवाल बो बुमराह | 33 | 47 | 5 | 1 |
| इस्लाम का गिल बो अश्विन | 35 | 68 | 3 | 0 |
| शंटो का बुमराह बो जडेजा | 82 | 127 | 8 | 3 |
| मोमिनुल हक बो अश्विन | 13 | 24 | 3 | 0 |
| रहीम का राहुल बो अश्विन | 13 | 11 | 1 | 1 |
| शाकिब का जायसवाल बो अश्विन | 25 | 56 | 3 | 0 |
| दास का रोहित बो जडेजा | 01 | 10 | 0 | 0 |
| मिराज का जडेजा बो अश्विन | 08 | 10 | 1 | 0 |
| तस्कीन का सिराज बो अश्विन | 05 | 04 | 1 | 0 |
| हसन महमूद बो जडेजा | 07 | 14 | 1 | 0 |
| नाहिद राणा नबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 62.1 ओवर में 234/10
गेंदबाजी : बुमराह 10-2-24-1, सिराज 10-5-32-0, आकाश दीप 6-0-20-0, अश्विन 21-0-88-6, जडेजा 5.1-2-58-3.

### चौथी पारी में अश्विन का 7वां पंजा

*वैसे टेस्ट मैचों की चौथी पारी में अश्विन ने सातवीं बार पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। वह इस मामले में शेन वॉर्न और मुरलीधरन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। केवल रंगना हेराथ (श्रीलंका) इस मामले में उनसे आगे हैं, जिन्होंने चौथी पारी में 12 बार ये उपलब्धि हासिल की थी। ऐसा चौथी बार हुआ, जब रविचंद्रन अश्विन ने किसी टेस्ट मैच में शतक भी लगाया और पांच विकेट हॉल भी लिए। अश्विन एक ही वेन्यू पर दो बार यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। अश्विन ने साल 2021 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ 106 रन बनाए और 5/43 के आंकड़े दर्ज किए थे।*

#### जडेजा 300 से चूके

*जडेजा ने इस मैच की पहली पारी में भी दो विकेट लिए थे। यानी बाएं हाथ के इस स्पिनर के हिस्से इस मैच में कुल पांच विकेट आए। अगर जडेजा इस मैच में एक और विकेट ले लेते तो टेस्ट में अपने 300 विकेट पूरे कर लेते। लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। अश्विन ने दूसरी पारी में छह विकेट लिए जिसके कारण जडेजा को और विकेट लेने का मौका नहीं मिला। अगर जडेजा एक विकेट और ले लेते तो विकेटों का तिहरा शतक मार देते। जडेजा के अब 73 मैचों में 299 विकेट हैं। वह 27 सितंबर से कानपुर में शुरू हो रहे टेस्ट मैच में इस मुकाम को हासिल करने की कोशिश करेंगे।*



## अनमोल ने यूरोप में जीता लगातार दूसरा खिताब


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब ने रविवार को ल्यूबलिन में महिला एकल के फाइनल में स्विट्जरलैंड की मिलिना श्नाइडर को सीधे गेम में हराकर पोलैंड इंटरनेशनल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

यह उनका यूरोप दौरे में लगातार दूसरा खिताब है। इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह बेल्जियम इंटरनेशनल में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता था। फरीदाबाद की रहने वाली और विश्व रैंकिंग में 165वें स्थान पर काबिज अनमोल ने 5000 डालर इनामी पोलैंड इंटरनेशनल के फाइनल में शानदार खेल का नजारा पेश किया तथा सातवीं वरीयता प्राप्त श्नाइडर को 21-12, 21-8 से हराया।

अनमोल ने बेल्जियम इंटरनेशनल में जीत दर्ज करने के बाद विश्व रैंकिंग में 55 स्थान की लंबी छलांग लगाई थी।

### हदाद माइया ने जीता कोरिया ओपन



*सोल। बीट्रीज हदाद माइया ने रविवार को यहां कोरिया ओपन के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना को हराकर इस सत्र का अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। यह तीसरी वरीय खिलाड़ी के करियर का चौथा खिताब है। ब्राजील की इस खिलाड़ी ने कसातकिना को 1-6, 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। वह शानदार फॉर्म में है जिन्होंने अब तक अपने पिछले 14 मैचों में से 12 में जीत हासिल की है जिसमें क्लीवलैंड में फाइनल और अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना शामिल है।*

### खबर संक्षेप



#### शंटो को शाकिब के लय में आने का भरोसा

**चेन्नई।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने गेंदबाजी में संघर्ष कर रहे अनुभवी हरफनमौला शाकिब अल हसन का समर्थन करते हुए कहा कि वह लय हासिल करने के लिए अपनी ओर से हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बांग्लादेश को दो मैचों की श्रृंखला में पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को यहां 280 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस मैच में शाकिब ने 21 ओवर में 129 रन लुटाए और एक भी विकेट लेने में नाकाम रहे।

#### बुमराह-पंत के फॉर्म से भारत रचेगा इतिहास

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इयान चैपल ने कहा कि अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखलाओं की जीत की ऐतिहासिक हैट्रिक हासिल करनी है तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को चोटों से मुक्त और शीर्ष फॉर्म में रहना होगा। चैपल को लगता है कि भारतीय टीम के लिए इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच टेस्ट मैच आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला से पहले आदर्श तैयारी है जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट भी शामिल हैं।



#### प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे कोठारी



**उलानबटोर।** भारत के सौरव कोठारी ने रविवार को यहां आईबीएसएफ विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत अपने सभी ग्रुप मैचों में जीत से की और प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मंगोलियाई के दिग्गज लखगवासुरेन तुमुरचुदुर से पहले मैच में कोठारी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और 2-3 से पिछड़ने के बाद उन्होंने 'बेस्ट-ऑफ-सेवन' मैच जीत लिया। कतर के अहमद सैफ के खिलाफ अपने दूसरे ग्रुप मैच में कोठारी ने 46, 48 और 49 के फ्रेम से 4-1 से जीत हासिल की। तीसरे और अंतिम ग्रुप मैच में कोठारी ने जापान के जुंजी मियाजावा को 4-0 से हराया।

## उमेश ने जीता स्वर्ण, सुकांत सिवाराजन-मंदीप को रजत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उमेश विक्रम ने रविवार को यहां इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में एसएल3 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि सुकांत कदम, सिवाराजन सोलाईमलई और मंदीप कौर ने अपनी स्पर्धाओं में रजत पदक हासिल किए। सुकांत ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा में जबकि सिवाराजन ने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीता।

मंदीप को महिला एकल एसएल3 वर्ग में रजत पदक मिला। भारत ने इंडोनेशिया के सराकार्ता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय लेवल 2 के टूर्नामेंट में 34 पदक जीते। पुरुष एकल एसएल3 में उमेश ने हमवतन और शीर्ष वरीय नेहाल गुप्ता पर फाइनल में 12-21, 21-8, 21-19 से जीत हासिल की। सुकांत फ्रेडी सेतियावान से 14-21, 14-21 से पराजित हो गए। सिवाराजन को एसएच6 फाइनल में शीर्ष वरीय इंडोनेशियाई सुभान सुभान से 19-21 15-21 से हार मिली। मंदीप कौर को एसएल3 फाइनल में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय कोनिताह इख्तियार सयाकुरोह से 10-21, 5-21 से हार से रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



## विलियमसन ने न्यूजीलैंड के लिए बनाया महारिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। पूर्व कप्तान केन विलियमसन न्यूजीलैंड के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। केन विलियमसन ने अपनी टीम के पूर्व कप्तान और लंबे समय तक टीम में साथी रहे रोस टेलर को पीछे छोड़ दिया है। रोस टेलर ने कीवी टीम के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में 18,199 रन बनाए थे, लेकिन 22 सितंबर 2024 को केन विलियमसन उनसे आगे निकल गए। 34 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज को श्रीलंका के खिलाफ गाले में खेले जा रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में टेलर का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 72 रनों की जरूरत थी और उन्होंने दूसरी पारी में 30 रन की पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इस मैच की पहली पारी में केन विलियमसन 55 रन बनाकर आउट हुए थे और दूसरी पारी में जैसे ही उन्होंने 17वां रन बनाया तो वे रॉस टेलर से आगे निकल गए। दोनों पारियों में उन्होंने 85 रन बनाए। केन विलियमसन के अब 359 मैचों (टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल) में 18,213 रन हो गए हैं।

## पीसीबी को करारा झटका, पाक को लगने वाला है करोड़ों का चूना!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में होना है। लेकिन इससे ठीक पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को करारा झटका लग सकता है। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच 7 अक्टूबर से टेस्ट सीरीज खेली जानी है। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी तक इस सीरीज के मीडिया राइट्स नहीं बिक सके हैं। ऐसी स्थिति में पाक-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज पाकिस्तान से बाहर प्रसारित नहीं हो पाएगी।

पीसीबी ने मीडिया राइट्स के लिए बड़ी डिमांड रखी है, जो कि अभी तक कोई भी कंपनी पूरा नहीं कर सकी है। खबर के मुताबिक पीसीबी ने तीन साल के मीडिया राइट्स के लिए 21 मिलियन डॉलर की मांग की है। अगर भारत के हिसाब से देखें तो करीब 175 करोड़ रुपए होंगे। लेकिन पीसीबी को अभी तक इतनी रकम देने वाला खरीददार नहीं मिला है। पाकिस्तान की दो कंपनियों ने मिलकर 4.1 मिलियन डॉलर का प्रस्ताव रखा था। लेकिन पीसीबी ने राइट्स बेचने से मना कर दिया। वहीं विलोअ टीवी ने 2.25 मिलियन डॉलर का प्रस्ताव दिया था। वहीं एक विदेशी कंपनी स्पोर्ट्स फाइव ने 7.8 मिलियन डॉलर का प्रस्ताव रखा था।




### भारत ने रचा इतिहास

## पुरुष और महिला टीम ने जीते शतरंज ओलंपियाड



एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

भारत ने रविवार को इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने 45वें शतरंज ओलंपियाड में अंतिम दौर में अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर इस प्रतियोगिता में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और आर प्रज्ञानानंदा ने स्लोवेनिया के खिलाफ 11वें दौर में अपने अपने मैच जीत लिए।

भारतीय पुरुष टीम ने इससे पहले टूर्नामेंट के 2014 और 2022 चरण में कांस्य पदक जीते थे। भारतीय महिला टीम ने चेन्नई में 2022 के चरण में कांस्य पदक जीता था। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर गुकेश और अर्जुन एरिगेसी ने एक बार फिर अहम मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे भारत को ओपन वर्ग में अपना पहला खिताब जीतने में मदद मिली। स्लोवेनिया के खिलाफ मुकाबले में गुकेश ने काले मोहरों से व्लादिमीर फेडोसेव के खिलाफ तकनीकी चरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हालांकि उन्हें मुश्किल से जीत मिली, लेकिन 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने शानदार रणनीति अपनाई।

एरिगेसी ने तीसरे बोर्ड पर काले मोहरों से खेलते हुए जान सुबेलज को मात दी।इतना ही काफी नहीं था, इसके बाद प्रज्ञानानंदा ने फॉर्म में आते हुए एंटोन डेमचेंको पर एक शानदार जीत हासिल की। इससे भारत ने एक मैच रहते स्लोवेनिया पर 3-0 से जीत हासिल की। भारतीय पुरुष टीम ने 22 में से 21 अंक हासिल किए। खिलाड़ियों ने सिर्फ उज्बेकिस्तान के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला।

### महिला टीम ने अजरबेजान को हराया

भारतीय महिलाओं ने अजरबेजान को 3.5-0.5 से हराकर देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। डी हरिका ने पहले बोर्ड पर तकनीकी श्रेष्ठता दिखाई और दिव्या देशमुख ने एक बार फिर अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर तीसरे बोर्ड पर अपना व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पक्का किया। आर वैशाली के ड्रा खेलने के बाद वंतिका अग्रवाल की शानदार जीत से भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया।

## पंत ने की बैट-हेलमेट की पूजा तस्वीर देख फैंस हुए इमोशनल

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय टीम के लिए लंबे समय बाद टेस्ट मैच खेलने वाले ऋषभ पंत ने दमदार वापसी की है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाया। पंत दिसंबर 2022 में एक भीषण कार दुर्घटना में लगी गंभीर चोटों से उबरने के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेल रहे थे।

मैच के तीसरे दिन ऋषभ पंत का मैदान पर उतरने से पहले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने बैट और ग्लव्स को आगे रख हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हुए नजर आए। भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन की शुरुआत से पहले पंत ने ड्रेसिंग रूम के बाहर अपने ग्लव्स, बैट और हेलमेट को टेबल पर रखा था और कुछ देर के लिए हाथ जोड़कर उसके आगे प्रार्थना की। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पंत की इस तस्वीर पर फैंस काफी इमोशनल दिखे। इसके बाद पंत शतक लगाने के बाद भी काफी इमोशनल दिखे। उन्होंने छठा टेस्ट शतक पूरा होने के बाद आंखें बंद करके ऊपर देखते हुए हवा में बल्ला लहराया। शायद वह ईश्वर को क्रिकेट के मैदान पर वापसी या उस हादसे के बाद एक तरह से पुनर्जन्म के लिए धन्यवाद दे रहे थे।



## अर्शदीप के 6 विकेट, भारत डी को मिली सांत्वना जीत

**अनंतपुर।** अर्शदीप सिंह के कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (40 रन पर छह विकेट) के दम पर भारत डी ने दलीप ट्रॉफी मैच में रविवार को यहां चौथे और आखिरी दिन भारत बी को 257 रन के बड़े अंतर से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की। भारत डी ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 244 रन से आगे की लेकिन टीम 305 रन पर आउट हो गई। इसके बाद भारत बी को लगभग 70 ओवर में जीत के लिए 373 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला। अर्शदीप और आदित्य ठाकरे (59 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली भारत बी की टीम महज 115 पर आउट हो गई। अर्शदीप ने मैच में 90 रन पर नौ विकेट झटक कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत डी की टीम इस मैच से छह अंक हासिल करने के बावजूद तालिका में सबसे नीचे चौथे स्थान पर रहेगी।



### 12 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर रही मयंक की टीम

## इंडिया ए ने जीती दलीप ट्रॉफी, सी को 132 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अनंतपुर

दलीप ट्रॉफी का अंतिम चरण इंडिया ए की जीत के साथ समाप्त हो गया। मयंक अग्रवाल की अगुआई वाली टीम ने इंडिया सी को 132 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मैच के चौथे दिन इंडिया ए के लिए तनुष कोटियान और प्रसिद्ध कृष्णा ने घातक प्रदर्शन किया। दोनों ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, इंडिया सी के लिए साई सुदर्शन ने 111 रन बनाए। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।

दलीप ट्रॉफी की अंक तालिका में इंडिया ए 12 अंकों के साथ शीर्ष पर रही। मयंक अग्रवाल की टीम को तीन में से दो मैचों में जीत मिली। वहीं, इंडिया सी को सिर्फ एक मैच में जीत का स्वाद चखने का मौका मिला। अंक तालिका में टीम नौ अंकों के साथ दूसरे पायदान पर रही। तीसरे स्थान पर इंडिया बी और चौथे पायदान पर इंडिया डी की टीमें रहीं। दोनों के क्रमशः सात और छह अंक हैं।



### सुदर्शन की पारी बेकार

*इस मुकाबले की चौथी पारी में इंडिया सी को जीत के लिए 350 रनों का लक्ष्य का मिला। ऋतुराज गायकवाड़ ने 44 रन बनाए। साई सुदर्शन ने शतकीय पारी खेली। 206 गेंदों में उन्होंने 111 रन बनाए। निचले क्रम के बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। वहीं, इंडिया ए के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और तनुष कोटियान ने तीन-तीन विकेट लिए। आकिब खान ने दो सफलताएं हासिल कीं।*

### 132 रन से जीता तैच

इंडिया ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में शाश्वत रावत की शतकीय पारी की बदौलत 297 रन बनाए। इस बल्लेबाज ने 15 चौकों की मदद से 124 रन बनाए। जवाब में इंडिया सी की टीम पहली पारी में 234 रन ही बना सकी। अभिषेक पोरेल (81) और पुलकित नारंग (41) के अलावा कोई भी बल्लेबाज नहीं चला। इंडिया ए ने इस तरह 63 रनों की बढ़त बनाई। दूसरी पारी में मयंक अग्रवाल की टीम ने आठ विकेट पर 286 रन बनाए। रियान पराग ने 73 और शाश्वत ने 53 रनों की पारी खेली। इस तरह इंडिया ए की बढ़त 349 रनों की हो गई। जवाब में इंडिया सी की टीम 217 रनों पर ऑलआउट हो गई। इंडिया ए ने यह मुकाबला 132 रनों से जीत लिया।

# मौत के दिन से लेकर बियर फेस्टिवल तक दुनिया में मनाए जाते हैं ये अद्भुत त्योहार

**नई दिल्ली।** सितंबर के महीने से पतझड़ के मौसम ने दस्तक दे दी है, जो गर्मी को अलविदा कहने और सर्दियों का स्वागत करने का समय है। इस मौसम में हल्की-हल्की ठंड पड़नी शुरू हो जाती है और पेड़ों पर लगे हरे-भरे पत्ते झड़ने लगते हैं। इतना ही नहीं, पतझड़ के दौरान दुनियाभर में कई अनोखी परंपराओं वाले त्योहार भी मनाए जाते हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही अद्भुत त्योहार और उनके पीछे की कहानियां।

## मेक्सिको का मौत का दिन



मौत का दिन या डे ऑफ द डेड मेक्सिको का 2 दिवसीय त्योहार है, जिसे डिया डे लॉस मुर्टोस कहा जाता है। 1 और 2 नवंबर को मनाया जाने वाला यह पर्व, जीवित और मृत लोगों को फिर से एक साथ लाता है। यहां के लोगों का मानना है कि मरने के बाद लोगों की रूह धरती पर ही रहती है। इस दौरान लोग अपने परिवार के दिवंगत सदस्यों का सम्मान करने के लिए उन्हें भेंट देते हैं।

## जापान का शिची-गो-सान त्योहार



जापान में पतझड़ से जुड़ी कई परंपराएं हैं, लेकिन यहां शिची-गो-सान उत्सव का एक विशेष महत्त्व है। इस पर्व के नाम का मतलब है '7-5-3', जो कि इसे मनाने के तरीके को दर्शाता है। यह त्योहार विशेष रूप से 3 और 5 साल के लड़कों और 3 और 7 साल की लड़कियों के लिए होता है। इन आयु के बच्चे अपने विकास की अवस्था में होते हैं, इसीलिए हर साल 15 नवंबर को यह त्योहार मनता है।

## फिलिपींस का मासकारा महोत्सव



फिलिपींस में मासकारा महोत्सव होता है, जो की एक वार्षिक उत्सव है। इसके नाम का मतलब है 'कई चेहरे' और इसके दौरान लोग अपने चेहरे पर रंग-बिरंगे मास्क लगाते हैं। यह पर्व हर साल अक्टूबर महीने के चौथे रविवार को नीग्रोस द्वीप के बैकोलॉड शहर में आयोजित होता है। इसकी शुरुआत 1980 में हुई, जब शहर के अधिकारियों ने एक नौका दुर्घटना की असामयिक त्रासदी के जवाब में उत्सव मनाया, जिसमें 700 लोगों की जान चली गई थी।



## बियर फेस्टिवल

जर्मनी के म्यूनिच में पतझड़ के दौरान एक अद्भुत वार्षिक उत्सव मनाया जाता है, जिसे ओकटोबरफेस्ट कहते हैं। इस त्योहार की शुरुआत 12 अक्टूबर, 1810 से हुई थी, जब बवेरिया के राजकुमार लुई प्रथम ने राजकुमारी थेरेसी वॉन साक्सेन-हिल्डबर्गहाउसेन से शादी की थी। यह दुनिया का सबसे बड़ा वोक्सफेस्ट है, जिसमें एक बीयर उत्सव और एक यात्रा कार्निवल शामिल होता है। इस पर्व पर लोग जी भर के बियर पीते हैं, नाचते-गाते हैं और जर्मन भोजन का आनंद लेते हैं।

## हैलोवीन



हैलोवीन के बारे में सभी ने सुना होगा, जो कि अब दुनियाभर में मशहूर हो चुका है। यह अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम समेत कई अन्य देशों में मनाया जाने वाला त्योहार है, जो 31 अक्टूबर को पड़ता है। यह ऑलहैलोटाइड के पालन की शुरुआत को दर्शाता है, जो मृतकों को याद करने का समय है। इस दिन बच्चे-बड़े भूतिया वेशभूषा में तैयार होते हैं। साथ ही बच्चे लोगों के घरों में जाकर 'ट्रिक और ट्रीट' बोलते हुए कैंडी मांगते हैं।

# गोदाम में लगी भीषण आग बारदाना और फर्नीचर हुए राख

**बिलासपुर।** तोरवा स्थित गोदाम में रविवार की शाम आग लग गई। इसकी सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर देर रात काबू पा लिया है। तब तक लाखों रुपये का बारदाना और फर्नीचर आग की चपेट में आकर राख हो गए। फिलहाल आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस देर रात तक आसपास के लोगों और गोदाम के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही थी। तोरवा में रहने वाले रमेश माखीजा व्यवसायी हैं। देवरीखुर्द ओवरब्रिज के पास उनका गोदाम है। इसे उन्होंने प्लास्टिक बारदाना और फर्नीचर व्यवसायी को किराए पर दिया है।



## एक घंटे देर से पहुंची फायर ब्रिगेड

आसपास के लोगों ने बताया कि आग की सूचना पर स्थानीय पुलिस की टीम ही देर से पहुंची। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। तब तक प्लास्टिक बारदाना के गोदाम में आग भड़क चुकी थी। इधर फायर ब्रिगेड की टीम भी करीब एक घंटे के बाद मौके पर पहुंची। पहले दो दमकल से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। लेकिन थोड़ी ही देर में दोनों दमकल का पानी खत्म हो गया। इसके कारण करीब आधे घंटे तक बचाव कार्य रुका रहा।





मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

अंतिम 7 दिन
SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
SUNDAY OPEN
महेन्द्र कम्पनी मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर के साथ रहिये कैंसर से एक कदम आगे
NABH व NABL से मान्यता प्राप्त कैंसर अस्पताल
- सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
- पैट, स्पैक्ट स्कैन, HDT, LDT थेरेपी
- रक्त-सम्बन्धी सभी बीमारियाँ एवं बोन मेरो ट्रांसप्लांट
- आधुनिक रेडियोलॉजी, लेबोरेटरी एवं ब्लड सेंटर
- अत्याधुनिक ट्रू-बीम लिनक एवं ब्रैकिथेरेपी द्वारा रेडिएशन थेरेपी
- कीमोथेरेपी, टारगेट थेरेपी, इम्युनोथेरेपी




मध्य भारत का अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल
बीएमसी कैंसर डेकेयर- 1st फ्लोर, गंगा डायग्नोस्टिक्स, कलर्स मॉल के पास, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
हॉस्पिटल - सेक्टर 36, नया रायपुर, छ.ग. ✆8282823333/4444
छत्तीसगढ़ शासन, डॉ. खूबचंद बघेल योजना, आयुष्मान भारत, BSKY C.G.H.S. एवं सभी प्रमुख PSUs-Coal India (SECL), SAIL, SECR, CRPF ESIC, ECHS, NTPC, NMDC व बीमा कम्पनियों से अनुबंधित

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED



किडनी रोग विभाग
- किडनी प्रत्यारोपण (Kidney Transplantation)
- स्टेट ऑफ आर्ट डायलिसिस यूनिट
- डेडिकेटेड क्रिटिकल केयर यूनिट
- किडनी बायोप्सी
- एवी फिश्चुला, परमाकैथ, ग्राफ्ट

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध



डॉ. कृष्णा सोमानी
M.D., D.M.
(नेफ्रोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

मित्तल हॉस्पिटल
कैंसर विभाग
भिलाई : सुर्या टी.आई. मॉल के पास
फोन: 0788 - 2294443, 90392 38971, 77228 80844
रायपुर : होली क्रॉस स्कूल के पास, अवंति बाई चौक, पंडरी
फोन: 91313 99570, 93430 79151
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
हमारे अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ




|| नवरात्रि प्री-बुकिंग ऑफर्स ||
हीरो को अपने घर लाएं
बुकिंग की शुरुआत @ ₹1100*
अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹1000*
कम डाउनपेमेंट की शुरुआत @ ₹1999^
अधिकतम कैशबैक ₹5000~
डिलीवरी पर आकर्षक नकद छूट और एक्सचेंज बोनस*







अभी बुक करें और नवरात्रि के दौरान सुनिश्चित डिलीवरी पाएं
शुभ मुहूर्त ऑफ़र पाने के लिए स्कैन करें

Toll Free Number: 1800 266 0018




$अतिरिक्त कैश डिस्काउंट
Flipkart

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp amount may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Offers will be communicated at the time of invoicing and may vary for model/variant and states, valid on invoicing between 3rd Oct'24 to 12th Oct'24 or till stock last, For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ~The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer is valid only on paid bookings with a minimum amount of ₹1100 before 2nd Oct' 24,T&C apply. $Flipkart offer is subject to the sole discretion & T&Cs of Flipkart.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरूर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

FCB INTERFACE/6878/SEP2024/HINDI


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com